ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्ष: 3 अंक : 240
मेरठ, रविवार, 30 जून 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार




सत्तापक्ष व विपक्ष समझे मतदाता की चेतावनी . 4
राष्ट्रहित सर्वोपरि
स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल 6

## हरिद्वार की 'सूखी नदी' में कारें बहीं



हरिद्वार(एजेंसी) उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार दोपहर भारी बारिश हुई जिससे 'सूखी नदी' में बाढ़ आने से कई कारें पानी के तेज बहाव में बह गईं। हरिद्वार में बारिश का पानी घरों में घुस गया और प्रमुख सड़कों में जलजमाव हुआ। यह नदी आमतौर पर सूखी रहती है इसलिए लोग अपनी गाड़ियां 'सूखी नदी' के किनारे खड़ी कर देते हैं। यह नदी बारिश के पानी से भरती है। बारिश के कारण सूखी नदी में अचानक बाढ़ आ गई और तेज बहाव में कारें बह गईं। यह नदी थोड़ा आगे जाकर गंगा नदी की मुख्यधारा में मिल जाती है। लोग बहती हुई कारों की वीडियो बनाने के लिए हर की पौड़ी के पास गंगा पर बने पुलों पर पहुंच गये। वहीं उत्तराखंड में कई हिस्सों से भारी वर्षा की सूचना प्राप्त हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में उत्तराखंड में बारिश से राहत के आसार नहीं हैं।

## लद्दाख नदी में बाढ़ से टैंक पर सवार 5 सैन्यकर्मी शहीद



लेह, (एजेंसी)लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास श्योक नदी में शुक्रवार देर रात अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक पर सवार एक जेसीओ समेत पांच सैन्यकर्मी डूब गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुआ। लेह में सेना के जनसंपर्क अधिकारी ने एक बयान में कहा, 'एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के बाद, पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया। बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव और अधिक जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हो सका और टैंक के चालक दल के सदस्यों की जान चली गई।'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे को लेकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी सैनिकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शनिवार को यहां की एक अदालत ने 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को सीबीआई ने 3 दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच और न्याय के हित में उनकी हिरासत जरूरी है।

# कांग्रेस ने पूछा- 'नीट-यूजी' मामले में बड़े मगरमच्छों को क्यों नहीं पकड़ा जा रहा

नयी दिल्ली, कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता को लेकर शनिवार को दावा किया कि गुजरात के गोधरा में पेपर लीक होने का मामला स्पष्ट हो चुका है और इसके बावजूद सरकार ने हाई कोर्ट में इस विषय को लेकर झूठ बोला।



गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने यह सवाल भी किया कि नीट मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुप्पी क्यों साध रखी है? मामले में बड़े मगरमच्छों को नहीं पकड़ा जा रहा।

गोहिल ने ''गोधरा की सत्र अदालत में दायर पुलिस के एक हलफनामे' का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, ''इसमें बताया गया है कि महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार समेत कई राज्यों से छात्र गोधरा में परीक्षा देने आए थे, क्योंकि यहां उनकी पहले से ही सेटिंग हो गई थी। उन छात्रों से एडवांस में पैसे और ब्लैंक चेक लिए गए। साथ ही, उनसे कहा गया कि वे नीट के लिए फॉर्म भरते समय सेंटर के लिए 'जय जलाराम स्कूल' गुजराती मीडियम का नाम लिखें।'

हमारे सवाल-

1. सरकार ने पेपर लीक मामले में सब जानते हुए भी सुप्रीम कोर्ट में झूठ क्यों बोला?

2. पुलिस जांच में सारे सबूत सामने आने के बाद भी शिक्षा मंत्री ने क्यों कहा कि छम्म्ज् में कोई धांधली नहीं हुई है।

3. नीट् मामले में नरेंद्र मोदी और उनका ट्विटर चुप क्यों है?

उन्होंने दावा किया कि पहले से यह सौदा किया गया था कि जब छात्रों को दाखिला मिल जाएगा तो ब्लैंक चेक में राशि भरी जाएगी। गोहिल ने आरोप लगाया, ''पेपर लीक मामले का पहला आरोपी तुषार भट्ट है जो जय जलाराम स्कूल में पढ़ाता है और नीट में परीक्षा केंद्र का ''डिप्टी सुपरिटेंडेंट' था।

दूसरा आरोपी पुरुषोत्तम महावीर प्रसाद है जो इस स्कूल का प्रधानाचार्य है। इनका काम परीक्षा खत्म होते ही पेपर को बक्से में सील कर तुरंत कूरियर करना था। लेकिन इन्होंने परीक्षा खत्म होने के बाद बक्से खोलकर पेपर में सही उत्तर टिक किए और फिर बक्सों को भेजा।'

उनका कहना है कि इस मामले में 3 लोग और पकड़े गए हैं जिनके नाम परशुराम, विनोद आनंद, आरिफवाहोरा हैं तथा इनका काम छात्रों के परिवार से पैसे लेने का था। गोहिल ने दावा किया कि आरिफ वाहोरा वहां भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे का उपाध्यक्ष है।

उन्होंने सवाल किया, ''सरकार ने पेपर लीक मामले में सब जानते हुए भी उच्चतम न्यायालय में झूठ क्यों बोला? पुलिस जांच में सारे सबूत सामने आने के बाद भी शिक्षा मंत्री ने क्यों कहा कि नीट में कोई धांधली नहीं हुई है।

नीट मामले में नरेंद्र मोदी और उनका ट्विटर (एक्स हैंडल) खामोश क्यों है?' कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि ''नीट पेपर लीक' की जांच में सिर्फ छोटी मछलियों को पकड़कर, बड़े मगरमच्छों को क्यों छोड़ा जा रहा है?

# मौसम विभाग ने दी अगले 5 दिन भारी बारिश की चेतावनी



नयी दिल्ली /शिमला, (एजेंसी) भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 4 से 5 दिन में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान शनिवार को व्यक्त किया। मौसम विभाग ने कहा कि वर्तमान में कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है, जो उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों के करीब है। आईएमडी ने कहा कि 29 जून से 3 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 30 जून को यह ऑरेंज अलर्ट 4 जिलों कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर के लिए जारी किया गया है। जबकि पहली जुलाई को 8 जिलों उना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सिरमौर और सोलन तथा 2 जुलाई को 3 जिलों मंडी, शिमला और सोलन में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बीते 24 घंटे के दौरान राज्य में धर्मपुर में सर्वाधिक 64 मिलीमीटर, धर्मशाला में 52 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उधर, भारी वर्षा से उत्तराखंड के हरिद्वार के कोतवाली क्षेत्र में कई वाहन गंगा में बहते दिखाई दिये।

**दिल्ली मलबे से 3 शव मिले, वर्षाजनित हादसों में 8 की मौत**

दिल्ली के वसंत विहार इलाके में एक निर्माण स्थल पर ढही दीवार के मलबे से शनिवार को तीन मजदूरों के शव निकाले गए। इसी के साथ दिल्ली में वर्षा से जुड़े हादसों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को निर्माणाधीन दीवार ढहने की सूचना शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि तीन श्रमिकों के शव मलबे से निकाले गए हैं, जिनमें से दो की पहचान 19 वर्षीय संतोष कुमार यादव और 38 वर्षीय संतोष के रूप में की गई है। तीसरे की पहचान अभी नहीं हो पाई है। यह पता लगाने के लिए तलाश अभियान जारी है कि मलबे में कोई और व्यक्ति तो फंसा हुआ नहीं है। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली में बारिश से जुड़े हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई थी। हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा गिरने से एक टैक्सी चालक मारा गया था।

# नीट-पीजी की नयी तिथि दो दिन में होगी घोषित : प्रधान

## सीबीआई ने गुजरात में की छापेमारी, चार आरोपी रिमांड पर

नयी दिल्ली, (एजेंसी) केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नयी तारीख की घोषणा करेगा। प्रधान ने पंचकूला में कहा कि चाहे नीट परीक्षा हो या अन्य कोई भी मुद्दा, उस पर सरकार अपना पक्ष रखने को तैयार है। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच पिछले सप्ताह नीट-पीजी स्थगित कर दी गयी थी। उधर, नीट-यूजी मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार को गुजरात में 7 स्थानों पर छापेमारी की। इस बीच, गोधरा की एक विशेष अदालत ने जय जलाराम स्कूल के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम शर्मा, शिक्षक तुषार भट्ट और बिचौलियों विभोर आनंद तथा आरिफ वोहरा को सीबीआई की 4 दिन की हिरासत में भेज दिया। इन सभी पर गोधरा में पांच मई को हुई नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप है।




गुजरात पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया था। इससे पहले शुक्रवार को सीबीआई ने झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य और एक पत्रकार को गिरफ्तार किया।

# शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का मार्केट कैप 2.89 लाख करोड़ बढ़ा, रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप पर

नयी दिल्ली, सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही।



बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया।

वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया।

टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 14,12,845.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,286.99 करोड़ रुपये बढ़कर 8,44,201.88 करोड़ रुपये रही।

वहीं भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 18,267.7 करोड़ रुपये बढ़कर 8,22,530.35 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 14,656.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,50,602.10 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 13,808.74 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 12,80,865.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 11,111.14 करोड़ रुपये बढ़कर 7,57,565.68 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में 7,953.37 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और यह 5,81,570.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

आईटीसी की बाजार हैसियत 6,616.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,30,475.82 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 22,042.61 करोड़ रुपये घटकर 6,25,573.90 करोड़ रुपये पर आ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशरू टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों का कहना है कि बीते सप्ताह रिकॉर्ड तेजी के बाद ऊंचे मूल्यांकन की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। निवेशक आगे के संकेतों के लिए वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और रुपये-डॉलर के उतार-चढ़ाव पर भी नजर रखेंगे।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''इस सप्ताह शेयर बाजार में संभावित रूप से उतार-चढ़ाव रहेगा। ऊंचा मूल्यांकन चिंता का विषय बना हुआ है। निवेशकों की निगाह अब मानसून की प्रगति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर रहेगी।

जुलाई में आने वाले आम बजट पर भी सभी की निगाह है। बाजार में विकासोन्मुख नीतियों की उम्मीद की जा रही है।' उन्होंने कहा कि विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों (एफआईआई और डीआईआई) की गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी।

उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजार में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली है। अमेरिका के रोजगार के आंकड़े दो जुलाई को आएंगे। इसके बाद तीन जुलाई को आईएसएम सर्विसेज पीएमआई आंकड़े जारी किए जाएंगे। साथ ही दो जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन है।

एफओएमसी की बैठक का ब्योरा तीन जुलाई को जारी किया जाएगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 509.5 अंक या 2.16 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक बढ़त है।

बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने ऐतिहासिक 79,000 अंक के स्तर को पार किया था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, ''बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा।

इस दौरान एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई, एसएंडपी ग्लोबल विनिर्माण पीएमआई, फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन, अमेरिका के बेरोजगारी दावों के आंकड़े बाजार के लिए प्रमुख घटनाक्रम हैं।'

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के वरिष्ठ समूह उपाध्यक्ष-प्रमुख (शोध, ब्रोकिंग एवं वितरण) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि बाजार की रफ्तार कायम रहेगी और शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिलेंगी।

हालांकि, सप्ताह के दौरान आने वाले आर्थिक आंकड़ों की वजह से बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है। वाहन कंपनियां अपने मासिक बिक्री आंकड़े जारी करेंगी। ऐसे में उनके शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी।'

# विश्वविजेता टीम के लिए देश में रातभर मना जश्न, पीएम ने दी बधाई

नयी दिल्ली/मुंबई, दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर भारत के टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद शनिवार रात देशभर में जश्न का माहौल रहा और क्रिकेट के प्रशंसक हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उमड़ पड़े।



देशभर में विभिन्न स्थानों पर लोगों की भीड़ ने 'इंडिया, इंडिया' के नारे लगाए। विश्व कप का खिताब जीतने का करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों का वर्षों का इंतजार खत्म होते ही जम्मू से लेकर हैदराबाद, पटना और पुणे समेत देश के विभिन्न हिस्सों में लोग एक दूसरे के गले मिलते और नाचते नजर आए।

बारबाडोस में भारत द्वारा दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में हराए जाने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि क्रिकेट खिलाड़ियों ने करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया है।

उन्होंने मैच को ऐतिहासिक बताते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'चौंपियंस (विजेता)! हमारी टीम शानदार तरीके से टी-20 विश्व कप जीत कर घर ले आई है! हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है।'

भारत ने ज्-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया है। यह पूरे देश के लिए बहुत खुशी का मौका है। सभी देशवासियों और हमारे सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई। रु ज्20 वतसक ब्नच चपब.जूपजजमत.बवउध्ल्पच्67उवी0

बारबाडोस में भारतीय समयानुसार रात करीब साढ़े 11 बजे मैच समाप्त होते ही खुशी से झूमते प्रशंसक सड़कों पर उतर आए और उन्होंने पटाखे जलाए। पूरे देश ने इस जीत का जश्न मनाया जो आधी रात के बाद भी कई घंटों तक जारी रहा।

इस अवसर पर दिल्ली के इंडिया गेट पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और उन्होंने जीत का जश्न मनाया।

मुंबई में हवाई अड्डे पर प्रशंसक ढोल की थाप पर नाचते नजर आए और सड़कों पर कई लोग वाहनों के ऊपर चढ़ गए। कोलकाता में क्रिकेट प्रशंसकों ने सड़कों पर पटाखे जलाए। बेंगलुरु में 'टीम इंडिया' की पोशाक पहने कई प्रशंसक पब और खाने-पीने की दुकानों के बाहर नाचते नजर आए।

सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या से लोगों ने बधाई संदेश और जश्न की तस्वीरें एवं वीडियो साझा किए। एक क्रिकेट प्रशंसक ने 'पीटीआई भाषा' से कहा 'हम बहुत खुश हैं। जब हमने पिछली बार जीत दर्ज की थी तब मैं बच्चा था। चिल्लाने से मेरे गले में दर्द हो रहा है, लेकिन हम दो दिन तक जश्न मनाएंगे।'

जम्मू में बच्चों और बुजुर्गों ने आतिशबाजी और 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर जश्न मनाया। एक अन्य क्रिकेट प्रशंसक ने कहा, 'पूरा देश जश्न मना रहा है। यह हमारे लिए दिवाली जैसा है।'प्रधानमंत्री मोदी ने टी20 विश्वकप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम से बात की

नयी दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों से फोन पर बात की और उन्हें टी20 विश्वकप जीतने पर बधाई दी। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने फाइनल मुकाबले में विराट कोहली की पारी के लिए उनकी भी प्रशंसा की और साथ ही भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। शर्मा और कोहली, दोनों ने टी20 विश्वकप जीतने के बाद क्रिकेट के इस प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से संन्यास लेने की घोषणा की है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने फाइनल मुकाबले के अंतिम ओवर के लिए हार्दिक पांड्या तथा बाउंड्री पर डेविड मिलर का कैच पकड़ने के लिए सूर्यकुमार यादव की तारीफकी। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कोच राहुल द्रविड़ का भारतीय क्रिकेट में योगदान के लिए आभार जताया।

# संजय झा बने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

नयी दिल्ली,(एजेंसी) जनता दल (यूनाइटेड) के राज्यसभा सदस्य संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय शनिवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की अपनी वर्षों पुरानी मांग भी दोहराई।



कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार पर हमेशा ध्यान देते हैं और उम्मीद है कि विशेष दर्जे या पैकेज की मांग पूरी होगी।

# अल्पाइन में छात्र-छात्राओं को मोबाइल-टेबलेट का वितरण

### एमकॉम प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के बच्चों को मिले टेबलेट-मोबाइल

युरेशिया संवाददाता



शामली। थानाभवन स्थित अल्पाइन कालेज आफ एजुकेशन में शनिवार को एमकॉम के छात्र-छात्राओं को मोबाइल व टेबलेट का वितरण किया गया। इस मौके पर 25 छात्रों को टेबलेट प्रदान किए गए।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कालेज में एमकॉम संकाय के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 25 छात्रों को टैबलेट प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य राम किशोर ने बताया कि सरकार द्वारा उनके महाविद्यालय को प्रथम वर्ष के उन सभी छात्रों को टैबलेट प्रदान किया गया है जिनको इससे पूर्व किसी तरह का कोई मोबाइल फोन या लैपटॉप संबंधी लाभ नहीं मिला है। शनिवार को महाविद्यालय में 25 छात्रों को टैबलेट प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टैबलेट विद्यार्थी की महाविद्यालय आईडी से रजिस्टर्ड है और कोई अन्य व्यक्ति इसका गलत इस्तेमाल नहीं कर सकता है। महाविद्यालय के निदेशक अंकित गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में अब तक 1000 से अधिक मोबाइल फोन और टैबलेट का वितरण सरकार द्वारा किया जा चुका है जो कि जनपद में सबसे अधिक है भविष्य में भी सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का पूर्णता लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। इस मौके पर रक्षक सैनी, कमल धीमान सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ भी मौजूद रहा।

# झमाझम बरसे मेघ, तालाब बना शहर, घरों में घुसा पानी

### शहर में बहने वाले गंदे नाले भी पानी से लबालब, कई फीट भरा पानी
### डेढ घंटे की बारिश ने खोल दी नगर पालिका की पोल

युरेशिया संवाददाता



शामली। कई दिनों के इंतजार के बाद आखिरकार शनिवार को भगवान इंद्रदेव लोगों पर मेहरबान हो ही गए। लगभग डेढ घंटे तक झमाझम बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं बारिश ने नगर पालिका के विकास कार्यों की भी पोल खोलकर रख दी। बारिश के चलते शहर के मध्य बहने वाले गंदे नाले पानी से लबालब हो गए जिसके चलते आसपास रहने वाले लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। वहीं शहर में भी कई स्थानों पर कई-कई फुट पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा।

जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से शहरवासी भीषण गर्मी व उमस झेल रहे थे। आसमान में बादल तो रोज छा जाते लेकिन बिन बरसे चले जाते। आखिरकार शनिवार को भगवान इंद्रदेव ने लोगों की सुन ली और देखते ही देखते आसमान में काले बादल छाने के बाद तेज बारिश शुरू हो गयी। थोडी ही देर में पूरा शहर पानी से लबालब हो गया। शहर में कई-कई फुट पानी भरने से नगर पालिका के विकास कार्यों व गंदे नालों की सफाई कराने के दावे भी फुस्स साबित हो गए। शहर के मध्य बहने वाले गंदे नाले पूरे उफान पर आ गए। पानी नालों से बाहर निकलकर लोगों के घरों तक में घुस गया जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। वहीं शहर के कबाड़ी बाजार, फव्वारा चौक, वीवी इंटर कॉलेज रोड, नेहरू मार्केट, माजरा रोड, भिक्की मोड़, मिल रोड पर जलभराव हो गया। नाले-नालियों की गंदगी भी सड़कों पर तैरने लगे। बारिश रुकने के बाद लोगों ने किसी तरह अपनी दुकानों व घरों में घुसे पानी को बाहर निकाला। आवश्यक काम के लिए घर से निकले कई लोगों की बाइक जलभराव के चलते बंद भी हुई। वहीं, पैदल चलने वालों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

टापू सा नजर आया शहर

शामली। शनिवार को डेढ घंटे तक हुई बारिश के बाद शहर टापू सा नजर आने लगा। पूरे शहर में कोई गली हो या मेन रोड, हर जगह दो फुट तक पानी भरा रहा। बारिश से लोगों में राहत तो मिली, लेकिन छोटी गलियों से लेकर बाजारों व रोड़ पर कुछ ही मिनटों की बारिश ने हर जगह पानी ही पानी कर दिया. जिसमें मोहल्ला सीबी गुप्ता कॉलोनी मेन बाजारों में दो-दो फुट तक पानी भर गया।

बच्चों व बडों ने बारिश का उठाया आनंद

शामली। शनिवार को झमाझम हुई बारिश से जहां लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली वहीं युवाओं व बच्चों ने बारिश का जमकर लुत्फ उठाया। सडकों व मौहल्लों में छोटे छोटे बच्चे बारिश में नहाते नजर आए वहीं गर्मी से परेशानी महिलाओं व युवतियां अपने मकानों की छतों पर बारिश का आनंद उठाते नजर आई। लोगों का कहना था कि तीन-चार दिनों में ऐसी बारिश हो जाए तो लोगों को काफी हद तक गर्मी से राहत मिलेगी।

# हल्की बारिश से बाजार की सड़के हुई जलमग्न नगर पंचायत के सफाई अभियान की खुली पोल

युरेशिया संवाददाता



झिंझाना। हल्की बारिश से बाजार की सड़के जलमग्न हो गई। दुकानदारों ने अपने सामान को ऊंचाई पर रखकर पानी से बचाया। वहीं नगर पंचायत द्वारा बरसात से पहले नाला सफाई अभियान की पोल भी खुल गई। शनिवार को की दोपहर बाद मौसम ने करवट ली तथा हल्की बारिश होने से गर्मी में बेहाल लोगों को राहत मिली। वहीं बारिश का पानी मुख्य बाजार की सड़कों पर भर गया। जिससे सड़के जल मग्न हो गई। दुकानदार अमित कुमार, नीटू, बॉबी, नवीन, राजपाल आदि ने बताया कि बरसात की पहली हल्की बारिश ने नगर पंचायत के नाला सफाई अभियान की पोल खोल दी है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत झिंझाना ने सफाई अभियान को लेकर नगर में एक सफाई ब्रांड एंबेसडर भी नियुक्त किया हुआ है। जिसकी आज तक लोगों ने शक्ल तक नहीं देखी। सिर्फ कागजों में ही सफाई अभियान चलाया हुआ। जिसका धरातल से कोई लेना देना नहीं है। दुकानदारों का कहना है कि हल्की बारिश से मुख्य बाजार की सड़कों पर जल भराव हो गया है तो भरी बारिश में क्या हाल होगा। बाजार में जल भराव से दुकानदारों ने अपने सामान को पानी से बचाने के लिए ऊंची जगह रखना पड़ रहा है। कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत से कस्बे के सभी नालों की सफाई कराने की अपील की।

# फिलीस्तीन जिंदाबाद कहने वाले ओवैसी पर कडी कार्रवाई की मांग

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने देशद्रोह का मुकदमा व संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की

युरेशिया संवाददाता



शामली। राष्ट्रीय बजरंग दल ने एएमआईएम के नेता ओवैसी द्वारा शपथग्रहण के दौरान फिलीस्तीन जिंदाबाद कहने पर आक्रोश जताते हुए ओवैसी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने व उसकी संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार शनिवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देते हुए बताया कि संसद भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एएमआईएम के नेता असद्दीन ओवैसी द्वारा शपथ में जय हिन्द, जय भारत, वंदेमातरम्, भारत माता की जय कहने के बजाय फिलीस्तीन जिंदाबाद कहकर संसद, देश व भारतीय संविधान का अपमान किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। संविधान खतरे में है की दुहाई देने वाले हैदराबाद के सांसद को भारत की जनता ने चुना है न कि फिलीस्तीन की जनता ने। ऐसी गंदगी मानसिकता वाले लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उनकी संसद सदस्यता भी समाप्त करनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति ने ओवैसी के खिलाफकडी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर दीपक, विशाल पाल, अमित, रोहन मलिक, प्रिंस पंवार, अजयपाल, विश्वास निर्वाल, राममेहर, हरिमोहन, गौरव, अभय, रवि, अनुज पंचायल, प्रदीप, कल्लू, राजू, नितिन पाल आदि भी मौजूद रहे।

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मना दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस

### उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का प्रमुखता से होगा समाधानः एडीएम

युरेशिया संवाददाता



शामली। महान दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राज्य कर विभाग एवं जिला प्रशासन शामली द्वारा नगर पालिका परिषद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम सन्तोष कुमार सिंह सहित उद्यमी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। एडीएम ने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देशों पर दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस शनिवार को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। उन्होंने बताया कि दानवीर भामाशाह ने महाराणा प्रताप के लक्ष्य को साकार करने के लिए अपनी सारी सम्पत्ति दान कर दी थी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पालन करते हुए उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तारक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर एडीएम द्वारा कैरियर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आशीष जैन व दिव्या इण्टरप्राइजेज के प्रोपराइटर्स विजय कुमार को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य उद्यमियों और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर उपायुक्त धर्मेंद्र कुमार, असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर प्रशांत कुमार, उपायुक्त राज्य कर खंड-3 शामली डा. लोमेश कुमार, नगर पालिका शामली के अध्यक्ष अरविन्द संगल, आईआईए चेयरमैन आशीष जैन सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# दिव्यांगजनो हेतु दिव्यांगजन विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाएं-मुख्य विकास अधिकारी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने समस्त उप जिलाधिकारी, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारीध्नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा निराश्रित दिव्यांगजनो को भरण पोषण अनुदान (पेंशन योजना), कुश्ठावस्था पेंशन योजना, शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं श्रवण सहायक यन्त्र क्रय हेतु अनुदान योजना, दुकान निर्माणध्दुकान संचालन योजना, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, यूनिक आई0डी0 योजना एवं दिव्यांगता निवारण हेतु शल्य चिकित्सा अनुदान योजनाएं संचालित हैं, जिससे दिव्यांगजन को प्रति वर्ष लाभान्वित किया जाना है। ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक है को निम्नलिखित सहायता प्रदान की जाती है। (दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त)

निराश्रित दिव्यांगजनो को भरण पोषण अनुदान पेंशन योजना

वार्षिक आय शहरी क्षेत्र रू0 56460/- एवं ग्रामीण क्षेत्र की रू0 46080/- से अधिक न हो, भरण पोषण हेतु रू0 1000/-मासिक की दर से त्रैमासिक रू0 3,000/- का अनुदान दिया जाता है, दिव्यांग पेंशन के लिए वेबसाईट sspy-up.gov.in पर आवेदन ऑनलाइन किये जाने का प्राविधान।

कुष्ठावस्था पेंशन योजना

कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति जो कुष्ठ के कारण दिव्यांग हुए हैं, चाहे उनकी दिव्यांगता का प्रतिशत कुछ भी हो तथा बी0पी0एल0 श्रेणी के हो, कुष्ठावस्था पेंशन प्रदान की जाती है, इस योजना के अन्तर्गत रू0 3,000/- की धनराशि प्रतिमाह की दर से त्रैमासिक दिये जाने का प्राविधान है, कुष्ठावस्था पेंशन के लिए वेबसाईट sspy-up.gov.in पर आवेदन ऑनलाइन किये जाने का प्राविधान है। शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं श्रवण सहायक यन्त्र क्रय हेतु अनुदान-60 वर्ष तक के शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को जिनकी वार्शिक आय शहरी क्षेत्र रू0 56460/- एवं ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080/- से अधिक न हो, को ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैशाखी एवं श्रवण सहायक उपकरण हेतु रू0 10,000/- तक की धनराशि का सहायक उपकरण दिया जाता है, आवेदन वेबसाईट divyangjanup.upsdc.gov .inÂÚU ऑनलाइन किये जाने का प्राविधान है।

दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना

18 से 60 वर्ष तक के दिव्यांगजन जो दौहरी गरीबी की रेखा आय वर्ग के अन्तर्गत हों, उन्हें दुकान निर्माण हेतु रू0 20,000 जिसमें रू0 15000 ऋण तथा रू0 5,000 अनुदान एंव दुकान संचालन ध्खोखाध्हाथ ठेला आदि क्रय करने हेतु रू0 10,000/- जिसमें रू0 7500/- ऋण एंव रू0 2500/- अनुदान दिया जाता है, आवेदन विभागीय पोर्टल http://divyangjandukan.upsdc.gov.inजाने का प्राविधान है। दिव्यांग व्यक्तियों से विवाह करने पर प्रोत्साहन पुरूस्कार योजनाः-दिव्यांग दम्पत्ति को जिसमें युवती की आयु 18 से 45 वर्ष और युवक की आयु 21 से 45 वर्ष के मध्य हो तथा जो आयकर दाता की श्रेणी मे न आता हो इस योजना से लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है, दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0 15,000 तथा युवती के दिव्यांग होने पर रू 20,000/- अथवा युवक-युवती दोनो के दिव्यांग होने पर रू0 35,000/- की अनुदान राशि प्रोत्साहन पुरूस्कार स्वरूप प्रदान की जाती है, आवेदन विभागीय पोर्टल http://divyangjandukan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन किये जाने का प्राविधान है।

यूनिक आई0डी0 भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन की यूनिक आई0डी0 बनाने की योजना संचालित है, यूनिक आई0डी0 बनाने हेतु swavlambancard.gov.in पर स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र पर ऑन लाइन आवेदन किया जाता है।


दिव्यांगता निवारण हेतु शल्य चिकित्सा अनुदान

दिव्यांगता निवारण के लिए शल्य चिकित्सा कराये जाने हेतु रू0 10,000/- की धनराशि प्रति लाभार्थी को प्रतिपूर्ति दिये जाने की व्यवस्था है, शल्य चिकित्सा नियमावली में सर्जरी के लिए निर्धारित अनुदान की अधिकतम धनराशि रू0 10,000/- से बढाकर कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा धनराशि रू0 6,00,000/- प्रति लाभार्थी दिये जाने का प्राविधान है। उन्होंने उक्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से उक्त योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए विभागीय योजनाओं का पम्पलेट नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन को विभागीय योजना से लाभान्वित किया जा सकें।

# मध्यप्रदेश के नरसिंहगढ़ में आयोजित होगी बीएसपीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक

### बीएसपीएस की मध्यप्रदेश इकाई श्रन्डच् (जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफमध्यप्रदेश) को मिली आयोजन की जिम्मेदारी


युरेशिया संवाददाता




भोपाल। बीएसपीएस के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ पूर्वानुमति उपरांत एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक ओर कार्यशाला का आयोजन जुलाई माह की 27 तारीख को मध्यप्रदेश के ष्मालवा का मिनी कश्मीरष् कहे जाने वाले नरसिंहगढ़ में किया जाना तय हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए बीएसपीएस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ इन्दु बंसल ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजक व सूत्रधार जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव और बीएसपीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ.अरुण सक्सेना व बीएसपीएस के राष्ट्रीय सचिव व जर्नलिस्ट यूनियन ऑफमध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ नवीन आनंद जोशी रहेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ बंसल ने कार्यक्रम के विषय मे जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम 27 जुलाई 2024, दिन शनिवार को प्रातः10 बजे से प्रारम्भ होगा। जिसमें प्रथम चरण में बीएसपीएस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक नरसिंहगढ़ के स्थानीय मार्केटिंग सोसायटी के मीटिंग हॉल, बस स्टैंड के सामने होगी। द्वितीय सत्र में संगठन की कार्यशाला स्थानीय बड़ेध्छोटे महादेव (पहाड़ी स्थित) प्रांगण में रखी गई है। कार्यक्रम में दोपहर के समय पत्रकारों के लिये सहभोज की व्यवस्था भी की गई है। राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के उपरांत जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश की प्रादेशिक कार्यशाला रखी जाना प्रस्तावित हुआ है।डॉ बंसल ने बताया की कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मोहन शर्मा व नरसिंहगढ़ मार्किटिंग सोसायटी के चेयरमैन सुरेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

नरसिंहगढ़ एक नजर में:

भोपाल से 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नरसिंहगढ़ राज्य को राजगढ़ के तत्कालीन शासक रावत मोहन सिंहजी के छोटे भाई पारस रामजी ने 1681 ई. में राजगढ़ राज्य से अलग कर बनाया था।यह शहर लगभग 300 साल पुराना है जिसकी स्थापना 1681 में दीवान परसराम ने की थी। शहर में खूबसूरत झील जिसमें पुराना किला और महल झलकता है, आज भी संस्थापक के नाम पर मौजूद है।माघ माह मे हर साल यहां एक मेला आयोजित किया जाता है और यह प्रसिद्ध मंदिर 16-17वी शताब्दी में राजा संग्राम सिंह (श्याम सिंह) की स्मृति मे पत्नी भाग्यवती द्वारा बनाया गया था। यहां राजा हाजीवली की एक मुगल सैनिक के साथ हुई मुठभेड़ में मौत हो गई थी । यह मंदिर राज्य सरकार द्वारा संरक्षित है। डॉ बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों द्वारा ष्भारतीय सहकारिता के पुनर्विकास में पत्रकारिता का योगदानष् पर व्याख्यान भी दिया जाएगा।



# देवनागरी इण्टर कालेज में 22 विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

### लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। शिक्षा निदेशक (मा0), उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक के द्वारा वर्ष 2024 के उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के प्रथम 05 स्थान प्राप्त एवं उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली व काउन्सिल फॉर दि इण्डियर स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन, नई दिल्ली के सर्वोच्च 10 मेधावी विद्यार्थियों को तथा उनके अभिभावकों को राज्य स्तर पर दिनांक 29 जून, 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से लोक भवन, लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों से सम्मानित किये एवं जनपद स्तर पर पर उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के राज्य स्तर पर सम्मानित किये जाने वाले प्रथम 05 स्थान मेधावी विद्यार्थियों के अतिरिक्त शेष राज्य स्तरीय 06 से 10 स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थी एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के जनपद स्तरीय प्रथम 10 मेधावी विद्यार्थियों को दिनांक 29 जून, 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्रीध् विधायकध्जनप्रतिनिधियोंध्जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए। उक्त के अनुक्रम में जनपद स्तर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन देवनागरी इण्टर कालेज, रेलवे रोड, चौराहा, मेरठ में आयोजित किया गया। जिसमें लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यक्रम देखा गया। प्रसारित कार्यक्रम की समाप्ति उपरान्त अमित अग्रवाल विधायक मेरठ कैण्ट, अश्वनी सदस्य विधान परिषद, धर्मेन्द्र भारद्वाज पूर्व विधान परिषद सदस्य, श्रीमती सरोजनी अग्रवाल, पूर्व सदस्य विधान परिषद, जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी नुपूर गोयल, संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रथम मण्डल, मेरठ ओंकार शुक्ल, के कर कमलों द्वारा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के राज्य स्तर के 05 इण्टरमीडिएट विद्यार्थियों, जनपद स्तर के हाईस्कूल के 11 तथा इण्टरमीडिएट के 06 कुल 22 विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में राज्य स्तरीय विद्यार्थियों को रू0 एक लाख, जनपद स्तरीय विद्यार्थियों को रू0 इक्कीस हजार मेधावी विद्यार्थियों के खातों में कोषागार के माध्यम से करते हुए, उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, मेरठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय), मेरठ, श्रीमती जॉनी, प्रधानाचार्य, राजकीय कन्या इण्टर कालेज, माधवपुरम्, मेरठ उपेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज, मेरठ, सुशील कुमार, प्रधानाचार्य, देवनागरी इण्टर कालेज, मेरठ, विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यालय के छात्र, डा0 मेघराज सिंह, प्रधानाचार्य, ए0एस0 इण्टर कालेज, मवाना, लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों के साथ उनके माता-पिता व राजकीय विद्यालयों के शिक्षकगण तथा प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 नारायण शरण, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज, कायस्थ बढढा, मेरठ द्वारा किया गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा-2024 में जनपद के 21 मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा में जनपद में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को जिलाधिकारी ने दी बधाई**

**इंटरमीडिएट के स्टेट टॉप 10 सूची में बागपत के छह विद्यार्थियों ने प्रदेश में अपना परचम लहराया**

**प्रदेश में स्थान प्राप्त करने वालों को 1 लाख व जनपद में स्थान प्राप्त करने वालों को ?21000 का चेक प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर किया सम्मानित**

**नियम और संयम आपको किसी भी क्षेत्र में सफलता दिलाने के लिए महत्वपूर्ण आधार**

**सम्मान पाकर मेधावीयों के चेहरे खुशी से खिलें**




युरेशिया संवाददाता

बागपत । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र- छात्राओं को माननीय विधायक डॉक्टर अजय तोमर व जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान स्वरूप भेट ,प्रमाण पत्र व टेबलेट देकर सम्मानित किया जिसमें हाई स्कूल के 11 विद्यार्थी व इंटरमीडिएट के 11 विद्यार्थी थे जिसमें कुल 22 मेधावी विद्यार्थियों में से 16 बालिकाएं थी जिन्होंने जनपद की स्थित सूची में अपना स्थान बनाया है उल्लेखनीय बात जनपद बागपत के लिए यह भी है कि इंटरमीडिएट की टॉप 10 स्टेट सूची में जनपद बागपत के 6 विद्यार्थी रहे हैं जिन्होंने प्रदेश में अपनी मेधा का परचम लहराया है और जनपद का नाम रोशन किया है। जनपद स्तर पर टॉप 10 सूची में आने वालों को 21000 रुपए प्रदेश स्तर पर स्टेट टॉप 10 सूची में आने वालों को 1 लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया है यह कार्यक्रम लखनऊ में माव मुख्यमंत्री जी ने मेधावियों को सम्मानित किया था जिसमें इंटरमीडिएट के टॉपर विशु को माव मुख्यमंत्री जी ने प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, टैबलेट व चेक देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा में जनपद में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी। जनपद में यूपी बोर्ड दसवीं में टॉप टेन में 11 बच्चों ने बाजी मारी जिसमें जिला टॉपर प्रथम स्थान अनस, अवंतिका चौधरी ,साक्षी शर्मा ,आर्ची, मानसी, अनुशी, किट्टू ,जिया, अवी तोमर ,जिज्ञासा, शैली हाई स्कूल के सभी विद्यार्थियों को ?21000 का चेक ,टैबलेट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में प्रथम स्थान पर विशु चौधरी ,प्रिया, गरिमा तोमर ,कार्तिक श्लोक वर्मा ,अभिषेक प्रदेश की टॉप 10 सूची में रहे हैं जिनको एक-एक लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया जबकि जनपद में सातवें स्थान पर स्वाती कौशिक, स्नेहा, अवनी तोमर ,श्रेया शर्मा, वैभव जनपद में टॉपर रहे जिनको ?21000 चेक देकर सम्मानित किया गया ।

लखनऊ में आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया और माननीय मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन भी कलेक्ट्रेट सभागार में सुना गया।

जिलाधिलारी ने कहा जीवन में अगर जिसने अच्छी शिक्षा ग्रहण कर ली उसने अपने जीवन का सबसे बड़ा विकास कर लिया शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा विकास है इसलिए सभी मन लगाकर पढ़ाई करें आलस्य का त्याग करें प्रतिदिन सूरज निकलने से पहले जागना चाहिए जिससे एक तीव्र बुद्धि हो मोबाइल से दूर रहें उन्होंने सभी बच्चों को और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी कि जनपद बागपत का नाम रोशन किया है।

जिलाधिकारी ने कहा विद्यार्थियों जिस क्षेत्र में भी आपकी जाने की रूचि हो उस क्षेत्र में मन लगाकर पढ़ाई करें जो भी कार्य करने का मन हो उसे मन लगाकर करें किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास व कठिन परिश्रम करना होता है अगर हम दृढ़ होकर लक्ष्य तय करेंगे तो सफलता हमें जरूर प्राप्त होती है। जिलाधिकारी ने कहा 22 मेधावियों में 16 छात्राओं का आना भविष्य को दर्शाता है। उन्होंने कहा हर क्षेत्र में करियर की बेहतरीन संभावना है। बस आपको अपनी प्रतिभा, क्षमता और रुचि को जानकर लक्ष्य तय करने की जरूरत हैं। जीवन में सफलता के लिए अनुशासन का बड़ा महत्व है। नियम और संयम आपको किसी भी क्षेत्र में सफलता दिलाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव , अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व पंकज वर्मा अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह, समस्त एसडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत सहित आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर..

## योग शिविर के नौवें दिन योग आसन, ब्रह्म यज्ञ के साथ लिखित परीक्षा आयोजित



युरेशिया संवाददाता

छपरौली: ऐम एज्युकेशन पब्लिक स्कूल में आयोजित योग शिविर के नौवें दिन योग आसन, ब्रह्म यज्ञ के साथ लिखित परीक्षा आयोजित की गयी तथा योग शिक्षार्थियो को परीक्षा व शिक्षा के महत्व कोई समझाया गया।

नगर स्थित ऐम एज्युकेशन पब्लिक स्कूल में चल रहे निःशुल्क दस दिवसीय योग शिविर के नौवें दिन योग शिक्षार्थीयों ने आसन, प्राणायाम, लेजियम, डम्बल और ड्रम पर सर्वा सुन्दर व्यायाम का अभ्यास किया। ब्रह्म यज्ञ के उपरान्त सभी योग शिक्षार्थियों की योग, अध्यात्मिक, सामाजिक, भौतिक, राष्ट्र व संस्कृति जैसे विषयों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। जिसका परिणाम 30 जून को योग शिविर के समापन समारोह में घोषित किया जायेगा।

प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार आर्य ने योग शिक्षार्थियों को लिखित परीक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि लिखित परीक्षा से विद्यार्थी अपनी योग्यता तो सिद्ध करता ही है साथ उसका आत्मा बल भी बढ़ता है। लिखित परीक्षा में उसकी स्मरण शक्ति और लेखन कला दोनों प्रदर्शन होता है। समाजसेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को अन्धकार से प्रकाश की और ले जाती है। शिक्षा व्यक्तिव व विकसित राष्ट्र का निर्माण करती है।

इस अवसर पर समाजसेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय, प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार आर्य, मा0 सोमदत्त शर्मा, महेश कुमार आर्य, नरेन्द्र आर्य, योग शिक्षक हरेन्द्र आर्य, दयानंद आर्य, हिमांशु आर्य, अक्षित, जीत, देव, आदित्य, आर्यन, कार्तिक, शिवा, युवराज सुर्या उपाध्याय, देव, अर्जुन, देवांश, केशव, रोहन, अर्पित, गौरव, हर्षित, शिवम, शिवा आदि उपस्थित रहे।

## ललियाना में पानी टंकी निर्माण पूरा होने के बाद ही चालू नहीं

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

क्षेत्र के गांव ललियाना में पानी टंकी निर्माण पूरा होने के बाद भी चालू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने टंकी से जिला पूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

हिंडन नदी के पास बसे गांव ललियाना में दूषित पानी की समस्या को लेकर गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। टांका निर्माण को 1 वर्ष पूरा होने के बाद भी अभी तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी निर्माण के बाद गांव की गलियों को खोज कर पानी की लाइन डाली गई है। लेकिन ठेकेदार ने गड्ढे अभी तक नहीं भरवा हैं। जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दूसरी और टंकी से जलापूर्ति प्रारंभ में होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए उच्च अधिकारियों से पानी की टंकी से सप्लाई शुरू करने की मांग की है। इस बारे में ग्राम प्रधान पति अशोक कुमार ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण अभी तक टंकी चालू नहीं हो पाई है। जिसकी शिकायत आला अधिकारियों और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई है। लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं दिया गया है। दूसरी ओर जल निगम के अधिशासी अभियंता अमित कुमार वर्मा का कहना है की लीकेज चेक करवा कर सही कराई जा रही है। गड्ढे कहीं नहीं है जो थे वह सही करवा दिए गए हैं टंकी चालू है ग्रामीणों को जल्द पानी मिलने लगेगा। प्रदर्शनकारियों में बुद्ध प्रकाश, नरेश, अशोक, राजू, जितेंद्र, रियाजुद्दीन, हरवीर, रामकिशन, राजा राम , हरिओम, बालकिशन, जयवीर आदि ।

## किसानो की समस्या के लिए ईपीए अधिकारीयो से मिले किसान नेता



धर्मपाल सैनी / युरेशिया

बागपत के किसानो की समस्या को लेकर किसान नेताओं ने ईपीए के अधिकारीयो से बात कर किसानो की समस्या से अवगत कराया।

भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) के कार्यकताओ की एक बैठक बागपत युवा जिला अध्यक्ष शौकीन अली के आवास पर हुई जहा किसानो की समस्या को लेकर चर्चा की गयी वही किसानो के हित के लिए विचार विमर्श किया गया वही किसान नेताओं ने ईपीए पर टोल लगने की समस्या से अवगत कराया जिससे लेकर युवा जिला अध्यक्ष शौकीन अली ने मेरठ जिला अध्यक्ष वकील सैफी के साथ मिलकर डासना टोल प्लाजा पर पहुचें और वहा मौजूद ईपीए अधिकारी पवन गिरी से बात की और किसानो के टोल को लेकर चर्चा की वही किसानो के टोल न लगने को लेकर विचार विमर्श कर किसानो की समस्या का समाधान कराया इस मौकें पर किसान नेता साजिद चौधरी बागपत युवा जिला अध्यक्ष शौकीन अली, मेरठ जिला अध्यक्ष वकील सैफी,हबीब खान आदि मौजूद रहे।

## पौधारोपण से होगा पर्यावरण सुरक्षितः राशिद अनवर सिद्दीकी



नीलकंठ /युरेशिया

बिनौली। प्राथमिक विद्यालय बिनौली न.दो में शनिवार को अध्यापकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बीईओ राशिद अनवर सिद्दीकी ने कहा कि धरा को हरा भरा रखाना हम सबका दायित्व है। अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर व उनका संरक्षण कर ही पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने अध्यापकों से अपने घर आंगन व आसपास के परिवेश में पौधारोपण करने का आहवान किया। उधर प्राथमिक विद्यालय बिनौली न.एक में समर कैंप में बच्चों को कई गतिविधियां कराई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यपक शशि भूषण शर्मा, बिजेंद्री, सीमा, कविता सिंह, विनय कुमार, ममता, गौरव कुमार, रेनू पंवार, ममता, रचना, मीनू ढाका, दिव्या चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस 'व्यापारी कल्याण दिवस' के रूप में मनाया गया

**व्यापारिक कल्याण दिवस के अवसर पर व्यापारियों को किया गया सम्मानित**

**व्यापार से जुड़े विभागों ने उद्यमियों ने व्यवसायियों ने लगाई प्रदर्शनी**




युरेशिया संवाददाता

बागपत । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस 29 जून को ष्व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सेंट्रम होटल बड़ौत में ब्रह्द स्तर पर व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया जिसमे सम्बंधित अधिकारियों ने व्यापार से जुड़े बिंदुओं पर प्रकाश डाला जिसमें भामाशाह द्वारा राज्य के कल्याण के लिए अपना सर्वस्व दान करते हुए महाराणा प्रताप की सहायता की गयी थी ।इसके साथ ही राज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा दानवीर भामाशाह के बारे में तथा व्यापारियों के कल्याण से संबंधित सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला गया तथा व्यापारियों /उधमियों को अधिक से अधिक राजस्व देने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में राज्य कर विभाग को सबसे अधिक कर देने वाले व्यापारी श्री सतेन्द्र कुमार मलिक स्वामी फर्म सर्वश्री भारत आटो एजेंसी, दिल्ली रोड, बडीत तथा श्री चेतन लाल साझीदार फर्म सर्वश्री गुडविल इण्डस्ट्रीज खेकडा बागपत को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया

समारोह में औधोगिक विकास विभाग की तरफ से ओडी0ओ0पी0 योजना के अंतर्गत स्टॉल विभिन्न फर्मो द्वारा लगाया गया। स्टॉल सर्वश्री आकृति ज्वैल काफ्ट, सर्वश्री बंसल टैक्सटाईल्स, सर्वश्री पी0सी0 क्वालिटी फर्नीचर तथा सर्वश्री जिया हैण्डलूम द्वारा अपने और प्रदर्शनियां लगाई जिसका जिलाधिकारी ने अवलोकन किया,जनपद में श्व्यापारी कल्याण दिवसश् की सार्थकता के दृष्टिगत राज्य कर विभागध् एम0एस0एम0ई0ध् नगरीय विकास विभागध्ग्राम्य विकास विभागध् औद्योगिक विकास विभाग अपने उद्यमियों, व्यवसायियों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा इस अवसर पर ओ0डी0ओ0पी0 के स्टाल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय का कार्य किया जाये तथा प्रदर्शनियां भी लगाई गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वरांजलिध्संगीतध्भामाशाह पर नृत्य नाटिका, नाटक के साथ स्थानीय कला संस्कृतिपूर्ण आयोजन किया गया संगीतकार संतराम बंजारा ने संस्कृतीक विभाग की ओर से अपनी प्रस्तुति दी व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर जनपद में व्यापारी अपन प्रतिष्ठानध्फर्मध्कम्पनी पर श्व्यापारी कल्याण दिवसश् मनाया तथा होडिम्स, बैनर लगाये प्रतिष्ठान के बाहर यथासम्भव मिष्ठान, शर्बत, फल आदि का वितरण करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, डीसी जीएसटी श्यामलाल, जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी सहित आदि उपस्थित रहे।

## विकास भवन में पेंशन संबंधित लगाया गया कैम्प



**'199 पेंशन लाभार्थियों की आधार KYC की।**

**पेंशन की समस्या समाधान के लिए विकास भवन में लगाए गए काउंटर**

युरेशिया संवाददाता

बागपत। पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन), वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत जनपद बागपत में लाभार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं आधार प्रमाणीकरण इत्यादि हेतु विकास भवन परिसर, बागपत में आज दूसरे दिन 29.06.2024 (शनिवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कैम्प का आयोजन किया गया है ।विकास भवन, बागपत में कैम्प में पेंशन से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया है। जिन लाभार्थियों की आधार ज्ञल्ब् लम्बित है, उन लाभार्थियों की आधार ज्ञल्ब् की गई हैं।

आज दिनांक 29.06.2024 को आयोजित हुए कैम्प में विधवा पेंशन की 157 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 97 प्रकरण केवाईसी से संबंधित थे, जिसमें सभी शिकायतो का निस्तारण मौके पर ही किया गया। वृद्धावस्था पेंशन की 356 शिकायतें प्राप्त हुई 100 प्रकरण केवाईसी से संबंधित थे जिनकी मौके पर केवाईसी की गई। दिव्यांग पेंशन की 35 शिकायतें प्राप्त हुई, सभी शिकायतो का निस्तारण मौके पर ही किया गया जिसमें दो प्रकरण केवाईसी से संबंधित थे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी हरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रश्मि यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमती तूलिका शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन आदि उपस्थित रहे।

# बागपत के गौरव विशु तोमर को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**विशु तोमर ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 97.6: अंक प्राप्त कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रथम व प्रदेश में प्राप्त किया दूसरा था स्थान।**






नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। लखनऊ मे उत्तर प्रदेश सरकार के लोक भवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2024 आयोजित किया गया। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले जनपद बागपत के श्री राम इंटर कॉलेज के विद्यार्थी विशु चौधरी को मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ व शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती गुलाब देवी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने एक लाख रुपए का चेक, एक टैबलेट,मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया द्य माध्यमिक शिक्षा परिषद के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में जनपद बागपत के श्री राम इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र विशु चौधरी ने 97.6: अंक प्राप्त कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रथम व प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था जिसके परिपेक्ष में लोक भवन से दिनांक 28 जून 2024 को सम्मानित करने के लिए निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ था। आज उत्तर प्रदेश सरकार के लोक भवन में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने पर जनपद बागपत में खुशियों की लहर दौड़ रही है मेधावी सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने भी विशु चौधरी की कड़ी मेहनत को सराहा तथा भविष्य में उच्च पद पर पहुंचने के लिए शुभकामनाएं दी । सम्मान समारोह कार्यक्रम में विशु चौधरी के साथ उनके पिता उपेंद्र चौधरी व प्रधानाचार्य डॉ राजीव तोमर उपस्थित रहे ।

# क्षेत्र की समस्याओ को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात



नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। जनपद बागपत के भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल तोमर ने क्षेत्र की समस्याओ को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। लखनऊ में सीएम कार्यालय पर सिवालखास से पूर्व विधायक जितेंद्र सतवई के साथ उन्होंने सीएम योगी के सामने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए मलकपुर मिल का जल्द से जल्द किसानों का लंबित गन्ना भुगतान की मांग उठाई। इसके अलावा उन्होंने बड़ौत के बिनौली और बुढ़ाना रोड़ पर रेलवे के ऊपर पुल के धीमी गति से कार्य करने के दौरान हो रही लोगों की परेशानी से अवगत कराया।

उन्होंने कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के लिए कहा। जिससे कि कावड़ियों को कोई परेशानी ना हो। साथ नालों की सफाई और काफी दिनों से सूखी पड़ी नहरों में पानी छोड़ने को कहा। उन्होंने अन्य समस्याओं पर भी सीएम से चर्चा की है। सीएम ने उनकी वार्ता सुनकर सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद है सीएम योगी आदित्यनाथ क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक प्रभावी कार्य करेंगे।

## ललियाना में पानी टंकी निर्माण पूरा होने के बाद ही चालू नहीं



धर्मपाल सैनी / युरेशिया

क्षेत्र के गांव ललियाना में पानी टंकी निर्माण पूरा होने के बाद भी चालू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने टंकी से जिला पूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

हिंडन नदी के पास बसे गांव ललियाना में दूषित पानी की समस्या को लेकर गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। टांका निर्माण को 1 वर्ष पूरा होने के बाद भी अभी तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी निर्माण के बाद गांव की गलियों को खोज कर पानी की लाइन डाली गई है। लेकिन ठेकेदार ने गड्ढे अभी तक नहीं भरवा हैं। जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दूसरी और टंकी से जलापूर्ति प्रारंभ में होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए उच्च अधिकारियों से पानी की टंकी से सप्लाई शुरू करने की मांग की है। इस बारे में ग्राम प्रधान पति अशोक कुमार ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण अभी तक टंकी चालू नहीं हो पाई है। जिसकी शिकायत आला अधिकारियों और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई है। लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं दिया गया है। दूसरी ओर जल निगम के अधिशासी अभियंता अमित कुमार वर्मा का कहना है की लीकेज चेक करवा कर सही कराई जा रही है। गड्ढे कहीं नहीं है जो थे वह सही करवा दिए गए हैं टंकी चालू है ग्रामीणों को जल्द पानी मिलने लगेगा। प्रदर्शनकारियों में बुद्ध प्रकाश, नरेश, अशोक, राजू, जितेंद्र, रियाजुद्दीन, हरवीर, रामकिशन, राजा राम , हरिओम, बालकिशन, जयवीर आदि ।

## संपादकीय

# दूसरे कार्यकाल की चुनौतियां, फिर स्पीकर की जिम्मेदारी


संजय त्यागी 'महादेव'

सत्तारूढ़ गठबंधन छक। की तरफसे ओम बिरला के मुकाबले विपक्षी प्रत्याशी के तौर पर के सुरेश के सामने आ जाने के बाद यह लगभग तय हो चुका है कि आजाद भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव होगा। अब तक लोकसभा अध्यक्ष का चयन आम राय से होता रहा है। हालांकि सदन में एनडीए की सदस्य संख्या को देखते हुए ओम बिरला का स्पीकर बनना तय माना जा रहा है।

**निरंतरता का संदेश**

अपने इस लगातार तीसरे कार्यकाल में जिस तरह से पीएम नरेंद्र मोदी ने गृह, रक्षा, वित्त और विदेश जैसे सारे अहम मंत्रालयों में पुराने चेहरे बरकरार रखे उससे स्पष्ट है कि इस बार वह निरंतरता के संदेश पर खासा जोर दे रहे हैं। इस लिहाज से लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है। जो बात थोड़ी हैरान करती है वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। पिछली बार यानी 2019 में बिरला इस पद पर निर्विरोध चुने गए थे।

**आम सहमति के प्रयास**

इस बार भी ऐसा हो सकता था। खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि बिरला के नाम पर विपक्षी खेमे की ओर से किसी तरह की आपत्ति नहीं आई। यह बात भी गौर करने लायक है कि केंद्र सरकार ने इस मसले पर विपक्ष से संपर्क किया। दोनों पक्षों में बातचीत हुई। विपक्ष ने बिरला का समर्थन करने का इरादा जताया, पर उसका कहना था कि परंपरा के मुताबिक डेप्युटी स्पीकर का पद विपक्ष को मिलना चाहिए। सत्ता पक्ष की ओर से इस बात के लिए ना नहीं किया गया। इसके बावजूद अगर सहमति नहीं बन पाई तो इस पर निराशा ही जताई जा सकती है।


**दोनों पक्षों का सहयोग**

वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। बहरहाल, चुनाव में विरोध का मतलब अनिवार्य तौर पर विश्वास की कमी नहीं होता।

**आगे की चुनौतियां**

अगर 17वीं लोकसभा के अनुभव की रोशनी में देखें तो बतौर स्पीकर ओम बिरला पर अपने दूसरे कार्यकाल को बेहतर बनाने की चुनौती है। उनका पहला कार्यकाल सांसदों के निलंबन का रेकॉर्ड बनाते हुए समाप्त हुआ था। बेशक इसकी पूरी जिम्मेदारी किसी एक पक्ष पर नहीं डाली जा सकती, मगर इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।

# मध्यकालीन भारत की प्राणशक्ति संत साहित्य पुस्तक समीक्षा




ज्ञान चंद शर्मा

आचार्य रामानन्द द्वारा दक्षिण से लाई गई भक्तिधारा उत्तर में सगुण और निर्गुण दो शाखाओं के रूप में प्रवाहित हुई। सगुण भक्ति की एक सुदीर्घ परंपरा है। निर्गुण भक्ति की अवधारणा अपेक्षाकृत नई है जो मध्यकालीन सगुण भक्ति के शास्त्रीय स्वरूप को नकार कर एक भिन्न प्रकार के साधना पथ पर अग्रसर होती दिख पड़ती है। यह एक प्रकार से चिर आचरित शास्त्र सम्मत भक्ति पद्धति के विरुद्ध एक शांत आन्दोलन था जो परंपरागत काशी-प्रयागराज जैसे स्थापित केंद्रों से हट कर दूर दराज गांव-कस्बों में स्थानांतरित हो रहा था। इसके उन्नायक विशिष्ट न होकर सामान्य वर्ग के लोग थे जो अपनी धरती से पूरी तरह जुड़े हुए थे, इसकी परिस्थितियों से परिचित थे जिनको उन्होंने वाणी दी। परवर्ती काल में इस का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। विवेच्य पुस्तक 'संत-साहित्य की प्रासंगिकता' में इसी प्रभाव को सिद्ध करने का प्रयास है।

'संत-साहित्य की प्रासंगिकता' में एक संगोष्ठी में प्रस्तुत किये गए बाईस आलेखों और प्रपत्रों का संकलन है। इनमें से लगभग आधे केवल दादू दयाल से संबंधित हैं, एक-एक सहजो बाई, स्वामी नितानंद और सुंदर दास को लेकर प्रस्तुत किए गए हैं। संत धारा के अग्रणी कबीर और रविदास को उपेक्षित किया गया है, जिसकी कमी महसूस होती है। इसकी भरपाई कुछ हद तक कतिपय लेखों में उनके संदर्भित उल्लेख से हो जाती है।

संतों की वाणी ने मध्यकालीन भारतीय समाज के लिए नई प्राणशक्ति का काम किया। इसका प्रभाव अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा। यह वाणी आज भी सार्थक और प्रेरक है।

'संत-साहित्य की प्रासंगिकता' में संकलित प्रायः सभी लेख विषय के ज्ञाता विद्वान लेखकों द्वारा प्रस्तुत किये गए हैं। इनमें कथ्य को सप्रमाण स्पष्ट करने का सफल प्रयास है। पुस्तक से संत साहित्य के संबंध पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है।

पुस्तक : संत-साहित्य की प्रासंगिकता संपादन रू डॉ. मधु मालती, डॉ. रमाकांत शर्मा प्रकाशक रू प्रकाशन संस्थान, नयी दिल्ली पृष्ठ रू 176 मूल्य रू रु. 400.




# सत्तापक्ष व विपक्ष समझे मतदाता की चेतावनी

विश्वनाथ सचदेव



अठारहवीं लोकसभा का अधिवेशन प्रारंभ हो गया है। संसद में सरकार की नीति और नीयत को लेकर बहस शुरू हो चुकी है। लेकिन फिर सरकार और विपक्ष दोनों संविधान की रक्षा की दुहाई देकर आमने-सामने हैं। सदन के बाहर विपक्ष के सांसद संविधान की रक्षा के नारे लगा रहे थे और भीतर सत्तारूढ़ पक्ष भी यही बात कह रहा था। बात दोनों एक ही कर रहे थे, पर संदर्भ अलग-अलग थे। ऐसे में एक सामान्य नागरिक का असमंजस समझ में आने वाली बात है। आखिर संविधान की रक्षा का मतलब क्या है?

मतलब यह है कि जिन मूल्यों और आदर्शों को आधार बनाकर संविधान की रचना की गयी थी, सांसद पूरी ईमानदारी के साथ उनका पालन करें। यह तो आने वाला कल ही बतायेगा कि हमारे राजनेता कितनी ईमानदारी के साथ यह काम करते हैं, लेकिन संसद के इस अधिवेशन का आगाज बता रहा है कि अंजाम कुछ हल्लेदार ही होगा। शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर ही दी है। सत्र प्रारंभ होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने दो-तीन ऐसी बातें कही हैं जिनकी तीव्र प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है। मसलन, उन्होंने यह दोहराना जरूरी समझा कि मतदाता ने उनकी पिछली सरकार की नीति और नीयत में विश्वास प्रकट करके ही उन्हें लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दायित्व सौंपा है।

बात यहीं से शुरू होती है। यह सही है कि लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है पर यह नहीं भूल जाना चाहिए कि पिछली दो पारियों में भाजपा का अपना स्पष्ट बहुमत था और सहयोगी दल भाजपा की अनुकंपा से ही सरकार का हिस्सा बन सके। इस बार स्थिति ऐसी नहीं है, भाजपा सबसे बड़ा दल जरूर है, पर यह मिली-जुली सरकार बैसाखियों के सहारे राज करेगी। इसलिए प्रधानमंत्री को अपनी छवि बनाए रखने के लिए समझौतावादी दृष्टिकोण के साथ काम करना होगाकृ यह रुख विपक्ष के प्रति ही नहीं, अपने सहयोगी दलों के प्रति भी अपनाना होगा। चन्द्रबाबू नायडू की तेलुगू देसम पार्टी (टीडीपी) और नीतीश की जेडीयू कब क्या रुख अपना ले, कहा नहीं जा सकता। यह सही है कि फ्लिहाल इन दो दलों की भूमिका को लेकर कोई आशंका नहीं है, पर राजनीति संभावनाओं का खेल है। यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने एक सार्वजनिक सभा में नायडू पर व्यंग्य करते हुए उन्हें 'दल बदलने में और खुद के ससुर की पीठ में छुरा घोंपने में सीनियर' बताया था और इसके कुछ ही अर्सा बाद टीडीपी के नेता नायडू ने यह कहकर जैसे बदला चुकाया था कि 'मैं पहला आदमी था जिसने 2002 के दंगों के बाद उनसे (मोदी से) इस्तीफा मांगा था'। तब चंद्रबाबू नायडू ने मोदी जी को अतिवादी तक कह दिया था।

राजनीतिक स्वार्थ के चलते हमारे नेता ऐसी बातों को भुला देने का नाटक अच्छी तरह कर लेते हैं, पर राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं होता।

बहरहाल, संसद का सत्र प्रारंभ होने से पहले प्रधानमंत्री ने मीडिया के समक्ष दो-तीन ऐसी बातें की हैं, जिन्हें भुलाया नहीं जाना चाहिए। मसलन, प्रधानमंत्री का यह कहना कि जनता सदन में तमाशा नहीं देखना चाहती, हो-हल्ला भी नहीं, विपक्ष के निशाने पर रहेगा। मजबूत विपक्ष लोकतंत्र को मजबूत बनाता है, और इस बार लोकसभा में विपक्ष पिछली बार की तरह इतना कमजोर नहीं है कि सरकार उसे हल्के में ले सके। यह भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि बनारस के मतदाता ने इस बार प्रधानमंत्री को उतना समर्थन नहीं दिया है जितना पिछली दो बार उन्हें मिला था। ऐसे में, भले ही प्रधानमंत्री अपनी दबंग नेता वाली छवि को बनाये रखने की कोशिश कर रहे हैं, पर वस्तुस्थिति यह है कि अब वह पहले जितने कद्दावर नेता नहीं रहे। स्पष्ट है, पिछली दो बार की तरह वे अब मनमानी नहीं कर पाएंगे। स्थिति यह है कि एक ओर तो विपक्ष जो अब पहले से कहीं अधिक बलशाली है, और अधिक आक्रामक हो सकता है। दूसरी ओर भाजपा के भीतर भी ऐसी स्थितियां पनप सकती हैं जो प्रधानमंत्री को कमजोर बना दें। इस संदर्भ में भाजपा की पितृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व के बदले तेवरों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भाजपा के नेतृत्व को यह भी समझना होगा कि चुनाव में इस बार पहले जैसी सफलता का न मिलना यह भी बताता है कि उसका जन-समर्थन कम हुआ है। बात सत्ता विरोधी रुख तक सीमित नहीं है। यह एक चेतावनी है भाजपा के लिए, विशेषकर प्रधानमंत्री के लिए कि उनकी शासन-व्यवस्था में खामियां थीं। महंगाई और बेरोजगारी जैसे बुनियादी सवालों को पिछली सरकार ने उतनी गंभीरता से नहीं लिया, जितनी गंभीरता से लेना चाहिए था। यह बात भाजपा के नेतृत्व को समझनी होगी कि मतदाता को जेब में रखने वाली सोच कभी सही नहीं हो सकती। मुफ्त अनाज और नकद सहायता जैसे कदम मतदाता को सीमित रूप से ही प्रभावित करते हैं। भरोसा नहीं जगाते सरकार के प्रति।

प्रधानमंत्री तो यह भरोसा भी दिलाना चाहते हैं कि उन्हें लगता है कि वे दैवी कृपा का पात्र बनकर ईश्वर द्वारा भेजे गये हैं। हाल ही में उन्होंने इस आशय का बयान भी दिया था कि उन्हें ईश्वर ने किसी बड़े काम के लिए भेजा है! यह बड़ा काम क्या है यह उन्होंने स्पष्ट नहीं किया, लेकिन चुनाव-परिणाम बता रहे हैं कि कुल मिलाकर मतदाता उनकी ऐसी बातों से प्रभावित नहीं हुआ है। जनता को ठोस परिणाम चाहिए, जुमलों का गुलदस्ता नहीं। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने अपने छोटे से भाषण में कुछ भी कहना जरूरी नहीं समझा।

हां, 25 जून के हवाले से उन्होंने एक बात अवश्य कही जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह बताना जरूरी समझा कि 50 साल पहले इसी दिन देश में आपातकाल लागू किया गया था और विरोधी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। वह काल हमारे लोकतंत्र का एक काला अध्याय है। यह बात कहकर संभवतरू प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी को एक तरह से चेतावनी दे रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि अब कोई देश में आपातकाल लागू नहीं कर पायेगा। संविधान में संशोधन करके जनता पार्टी की सरकार ने ऐसी व्यवस्था तो कर दी थी कि फिर कोई शासक आपातकाल लागू न कर पाये, पर शासक के मन में एकाधिकारवादी सोच पनप ही न पाये ऐसी व्यवस्था सिर्फदेश का मतदाता ही कर सकता है।

इस बात को भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि अति लोकप्रियता किसी भी शासक को अहंकार और तानाशाही सोच से भर सकती है। इसलिए चुनाव-परिणाम को इस तरह से भी समझा जाना जरूरी है कि मतदाता ने एक गंभीर चेतावनी दी है। यह चेतावनी सिर्फसत्तारूढ़ पक्ष के लिए ही नहीं है, विपक्ष को भी समझना होगा कि देश का मतदाता उससे भी बहुत अपेक्षाएं रखता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार और विपक्ष दोनों ही इस चेतावनी की गंभीरता को समझेंगे। जहां तक संविधान की रक्षा का सवाल है तो यह काम देश का जागरूक नागरिक अधिक प्रभावी ढंग से कर सकता हैदृ अभी उसने संकेत दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस संकेत को हमारे राजनेता समझेंगे।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट 2024-दुनियां में हर वर्ष शराब सेवन से 26 लाख मौतें-भारत में चीन से दुगनी मौतें!

# विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ और ट्रीटमेंट का सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जारी


एड किशन भवानी

कर विशेषज्ञ

भारत में अभी हम पर तमिलनाडु शराब सेवन से हुई मौतों के सदमे से उबर भी नहीं पाएं है कि, वैश्विक स्तरपर दुनियां के करीब 196 सदस्यों वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिनांक 28 जून 2024 को जारी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जो 334 पुष्ठो की है, जिसमें पूरे विश्व में शराब का अत्यधिक सेवन करने से मानवीय शरीर में होने वाले दुष्टपरिणामों व मौतों के बारे में बताया गया है जो हैरान कर देने वाला है। पूरी दुनियां में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं, यह दुनियां की कुल मौतों का 4.7 प्रतिशत है। यानें हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है।रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ड्रग्स से होने वाली मौतों को भी उसमें जोड़ा जाए तो यह संख्या 30 लाख से अधिक हो जाएगी। रिपोर्ट में भारत के बारे में बताया गया है कि यहां एक लाख मौतों में शराब से 38.5 प्रतिशत मौत हो रही है जो चीन की संख्या से दोगुनी है, जहां इससे 16.1 प्रतिशत मौतें होती है, जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन से रिपोर्ट 2024 दुनियां में हर वर्ष शराब से 26 लाख मौतें, भारत में चीन से दुगनी मौतें हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जारी की है, शराब व नशीली मादक चीजों के अत्यधिक सेवन से लीवर से जुड़ी समस्याएं कैंसर की बीमारी से दिल की बीमारी से मौत होने की पुष्टि को गंभीरता रेखांकित करना अत्यंत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 28 जून 2024 को जारी विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट को समझने की करें तो, शराब हर साल 26 लाख से ज्यादा लोगों की मौत का कारण बन रही है। दुनिया भर में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं। यह दुनिया की कुल मौतों का 4.7 फीसदी है। यानी हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कीग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन ऐल्कॉहॉल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर में सामने आई है।रिपोर्ट के अनुसार यदि ड्रग्स से होने वाली मौतों को भी इसमें जोड़ दें तो यह संख्या 30 लाख से ज्यादा है। भारत में हालात और बुरे हैं। यहां एक लाख मौतों में शराब से 38.5 फीसदी मौतें हो रही हैं। यह संख्या चीन से दोगुनी से भी अधिक है। चीन में प्रति एक लाख मौतों में शराब से मरने वालों की संख्या 16.1 फीसदी है। कैंसर, दिल की बीमारी घेर रही है।शराब के अत्यधिक सेवन से कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। इनमें लीवर से जुड़ी बीमारियों से लेकर कैंसर तक शामिल है। रिपोर्ट में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि 2019 में शराब की वजह से होने वाली 26 लाख मौतों में से 16 लाख मौतें गैर-संचारी रोगों जैसे कैंसर से 4,01000 और दिल कीबीमारियों से 4,74,000 मौतें हुई।शराब और नशीली दवाओं कासबसे ज्यादा शिकार 20 से 39 साल के युवा बन रहे हैं। शराब के 13 फीसदी शिकार इसी आयु वर्ग के लोग थे। स्वास्थ्य संगठन ने इस बात की भी पुष्टि की है कि 2019 में यूरोप और अफ्रीकी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। यूरोप में प्रति लाख लोगों पर शराब की वजह से होने वाली मौतों की संख्या 52.9 थी तथा अफ्रीका में 52.2 रही।भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वह लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वह हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के करीब 41 फीसदी पुरुष शराब पीते हैं, जबकि महिलाओं में संख्या 20.8 फीसदी है।विज्ञापन पर पाबंदी जरूरी।सेहत संबंधी इन चिंताओं को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ने अपनी नई रिपोर्ट में शराब और नशीली दवाओं की खपत को कम करने और इन मादक पदार्थों के सेवन से उपजे विकारों के लिए उपचार मुहैया कराने पर बल दिया है। शीर्ष स्वास्थ्य एजेंसी का कहना है कि कई देशों ने शराब की मार्केटिंग पर कुछ हद तक पाबंदियां लागू की है, मगर वे काफी कमजोर हैं। दुनियांके अधिकांश देशों में इंटरनेट या सोशल मीडिया के लिए कोई नियम नहीं है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट में भारत से जुड़े आंकड़ों की करें तो, भारत में भी कम नहीं पीने वालों का आंकड़ा,विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में भारत से जुड़े आंकड़ों को भी साझा किया है। इन आंकड़ों के मुताबिक 15 वर्ष या उससे अधिक आयु का एक औसत भारतीय साल में 4.9 लीटर शराब (ऐल्कॉहॉल) पी जाता है। आशंका है कि 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर 6.7 लीटर पर पहुंच सकता है। देखा जाए तो भारतीय महिलाओं के मुकाबले पुरुष कहीं ज्यादा शराब पीते हैं। आंकड़ों के मुताबिक 15 वर्ष या उससे अधिक आयु का एक औसत भारतीय पुरुष हर साल 8.1 लीटर शराब का सेवन कर रहा है। वहीं महिलाओं में यह आंकड़ा 1.6 लीटर

### शराब व नशीली मादक चीजों के अत्यधिक सेवन से लीवर से जुड़ी समस्याएं,कैंसर,दिल की बीमारी से मौत होनेकी पुष्टि को रेखांकित करना जरूरी

दर्ज किया गया। मतलब की एक औसत भारतीय हर दिन 10.7 ग्राम शराब का सेवन कर रहा है। आंकड़ों में यह भी सामने आया है कि भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वो लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वो हैं जो कभी कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। गौरतलब है कि भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के जहां करीब 41 फीसदी पुरुष शराब पीते हैं, वहीं महिलाओं में यह आंकड़ा 20.8 फीसदी दर्ज किया गया। इनमें से हर व्यक्ति साल में करीब 15.9 लीटर शराब पी जाता है। इन लोगों में भी पुरुषों द्वारा जहां सालाना 19.9 लीटर शराब का सेवन किया जाता है, वहीं महिलाओं में यह आंकड़ा 7.6 लीटर दर्ज किया गया है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट में कम मात्रा में भी शराब सेवन से भी स्वास्थ्य को खतरे के बारे में जानने की करें तो, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में इस तथ्य को भी उजागर किया है कि शराब का सेवन, चाहे कम मात्रा में ही क्यों न हो, स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है। लेकिन शराब से संबंधित अधिकांश नुकसान, अत्यधिक मात्रा में या लगातार शराब पीने की वजह से होता है।इस बारे में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा है कि शराब, तम्बाकू सहित अन्य नशीले पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इनकी वजह से लम्बे समय तक प्रभावित करने वाली बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर पड़ता है।उनका कहना है कि इससे परिवारों और समुदायों पर भारी बोझ पड़ता है। साथ ही इनके सेवन से दुर्घटनाओं, चोटों और हिंसा का जोखिम बढ़ जाता है। उनके अनुसार इससे होने वाली मौतें किसी त्रासदी से कम नहीं, जिन्हें टाला जा सकता है।स्वास्थ्य सम्बन्धी इन चिन्ताओं केमद्देनजर विश्व स्वास्थ्य ने अपनी नई रिपोर्ट में शराब और नशीली दवाओं की खपत को कम करने और इन मादक पदार्थों के सेवन से उपजे विकारों के लिए उपचार मुहैया कराने पर बल दिया है।

# फर्जी वोटर कार्ड बनवाकर लिया लोन पहले भी हो चुके है ऐसे कई मामले

युरेशिया संवाददाता







मुजफ्फरनगर फर्जी वोटर कार्ड बनवा कर एक महिला द्वारा कई बैंकों से लोन लेने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल आपको बता दे पूरा मामला जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल विकासखंड के गांव नगला राई का है जहां पर एक महिला द्वारा अपना फर्जी वोटर कार्ड बनवाकर कई महिला ग्रुप लोन लिए गए हैं।

मामले का पता तब चला जब अफसाना पत्नी साजिद अपना महिला ग्रुप लोन कराने एक बैंक पर गई बैंक कर्मचारियों ने जब उसकी आईडी चेक की तो पता चला उसकी आईडी पर पहले से ही पांच लोन एक्टिव है। अफसाना पत्नी साजिद का कहना है कि उसने कभी कोई लोन नहीं लिया बैंक कर्मचारियों द्वारा छानबीन की गई तो पता चला उनके वोटर कार्ड संख्य ZGX0035717पर एक फर्जी वोटर कार्ड बनाया गया है जो अफसाना पत्नी मुजम्मिल के नाम से बनाया गया है।

जिस पर अलग-अलग पांच बैंकों से महिला ग्रुप लोन लिया गया है। फर्जी वोटर कार्ड बनवा कर लोन लेने वाली महिला के विरुद्ध चरथावल थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की हे।

**महिला ने किस्से बनवाया फर्जी वोटर कार्ड**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्जी वोटर कार्ड बनवाने वाली महिला कुछ खास पढ़ी लिखी भी नही हे मगर इसके बावजूद इस महिला ने अपना फर्जी तरी के से वोटर कार्ड बनवा लिया।

अब सोचने वाली बात ये है की आखिर वो व्यक्ति कॉन है जो इस तरह के कार्य कर रहा है।

सूत्रों की माने तो ये कार्य बैंकों से लोन दिलाने वाले व्यक्ति ही करते हे।

**कैसे बनाते है फर्जी आईडी**

एक्सपर्ट के अनुसार आपको बतादे फर्जी आईडी बनाने वाले व्यक्ति किसी भी मिलते जुलते नाम की आईडी के सीरियल नम्बर वेबसाइट से उठा कर लोन लेने वाले व्यक्ति के नाम से फर्जी आईडी बना कर लोन दिला ते है।जिसकी भनक तक किसी को भी नही लगती।

# नशा कारोबारी के यहां छापेमारी करने गई पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार वीडियो वायरल

### नशे के करोबारी कुलदीप के यहां छापेमारी करने पहुंची थी पुलिस टीम परिजनों ने किया अभद्र व्यवहार क्षेत्रीय लोगों और सूचना देने वालों को दे डाली जान से मारने की धमकी

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। नशे के कारोबारी के यहां छापेमारी करने गई पुलिस टीम के साथ अभद्रता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माधवपुरम का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी एक नशे का कारोबार करने वाले के घर पर छापेमारी करने पहुंचे हैं। इसके बाद नशे का कारोबार करने वाले की पत्नी और बच्चे पुलिस कर्मियों के साथ जमकर अभद्रता करते नजर आ रहे हैं। यही नहीं आरोपी पुलिस और सूचना देने वाले को भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है यह वीडियो थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरम इलाके का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार माधवपुरम के रहने वाले नशे के कारोबारी कुलदीप का क्षेत्र के लोगों ने विरोध किया तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली इसके बाद क्षेत्र के लोग सीओ ब्रह्मपुरी के पास शिकायत लेकर पहुंचे मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपी के घर पर छापेमारी कर दी। इसके बाद आरोपी के परिवार वालों ने पुलिस के साथ अभद्रता कर दी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने वीडियो की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

## एक नजर..

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन को बनाया निशाना



विकास शर्मा/युरेशिया

नकुड़। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में दरी बिछाकर जोरदार प्रदर्शन किया। धरने के दौरान किसान नेताओं ने जमकर पुलिस प्रशासन को निशाना बनाया।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं द्वारा कोतवाली में दरी बिछाकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की मिली भगत के चलते क्षेत्र में खनन माफिया सक्रिय हो रहे हैं जिन पर तत्काल अंकुश लगाया जाना अति आवश्यक है। इतना ही नहीं किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही तथा मिली भगत के चलते क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा तथा स्मेक का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। जिस की लत में पड़कर युवा पीढ़ी अपने जीवन को बर्बाद कर रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर किसानों का फर्जी मुकदमों के नाम पर उत्पीड़न कर रहा है। वही स्थानीय विद्युत विभाग द्वारा नगर तथा क्षेत्र में चलाई जा रही विद्युत चेकिंग के नाम पर अवैध रूप से गरीब किसानों पर मजदूरों से पैसा लूटा जा रहा है। इस दौरान किसान नेता प्रदीप ठाकुर, डा0 इदरीश अहमद, चौधरी हरवीर सिंह, चौधरी कमलेश सिंह, वीर सिंह, शेखर सिंह, सुरेंद्र सिंह, बलिंदर सिंह, देवी सिंह अमित कुमार, फखरुद्दीन अली आदि मौजूद रहे।

### टैगोर पब्लिक स्कूल सरसावा में चलाए जा रहे समर कैंप का आज हुआ समापन




शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। जय हिंद अकैडमी के द्वारा टैगोर पब्लिक स्कूल में चलाए जा रहे समर कैंप का आज 29/6/2024 को समापन हो गया इस समर कैंप में बच्चों को डांस योगा मेडिटेशन जूडो कराटे बॉक्सिंग किकबॉक्सिंग जिमनास्टिक वासु क्रिकेट टेबल टेनिस बैडमिंटन आदि की शिक्षा दी गई है इस समर कैंप में 21 जून को योग दिवस मनाया गया तथा पूल पार्टी का आयोजन किया गया सभी बच्चों को 1 दिन के लिए सहारनपुर सनसिटी भी ले जाया गया जय हिंद अकैडमी के प्रबंधक दीपक राज कोच रुबीना और पूजा प्रधानाचार्य आरके त्यागी तस्लीम मैं शाहरुख सर की मौजूदगी में सभी बच्चे जिम आशिया, अली, अरमान, अनुग्रह, जैकब, राघव और प्रिंस उपस्थित रहे अकादमी के प्रबंधक दीपक राज ने टैगोर पब्लिक स्कूल के बेस्ट स्टूडेंट प्रिंस तोमर को अपने हाथों से ट्रैफिक प्रदान की!

### पूर्व मंत्री ने फार्म हाउस में सुनी जनता की समस्याएं

**अधिकारियों से समस्याओं का समाधान कराने का दिया आश्वासन**



युरेशिया संवाददाता

शामली। थानाभवन स्थित अपने फर्म हाउस पर शनिवार को पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों से समाधान कराने का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने शनिवार को थानाभवन स्थित अपने फर्म हाउस पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। पूर्व मंत्री ने नागरिकों की समस्याएं सुन उनका अधिकारियों से समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि देश मे मोदी जी व उत्तर-प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के नागरिकों के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है, जिनसे आम जनमानस को लाभ मिल रहा है। पहले सरकारें योजना तो लाती, लेकिन वो सभी केवल फाइलों में ही दबकर रह जाती थी। अब सब कुछ बदल चुका है, जो भी योजनाएँ केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही है उनका शत प्रतिशत लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। उन्होंने नागरिकों की सभी समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कराने का भी आश्वासन दिया।

**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**

**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| नादिर (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0 9870984665 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |
| शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी) | मो0 9720067900 |


## स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने अधिकारियो से वार्ता उपरांत आत्मदाह दो दिन के लिए टाला

नाथी सहल /युरेशिया

चिलकाना । चिलकाना के गांव पठेड स्थित अजात आश्रम में चल रहा स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती का आमरण अनशन शनिवार को भी जारी रहा। अनशन स्थल पर पहुंचे एसडीएम सदर व तहसीलदार सदर ने बाबा को समझने का प्रयास किया, परंतु बाबा ने आमरण अनशन ने तोड़ने के लिए बिलकुल मना कर दियाद्य

ग्राम पठेड अहतमाल स्थित पंचकुआ रोड पर अजात आश्रम में महादेव मंदिर एवं आश्रम प्रकरण को



लेकर 24 जून से आश्रम के संस्थापक स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं इसी क्रम में शुक्रवार देर रात चिलकाना थाना प्रभारी कपिल देव अपनी टीम के साथ अनशन स्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने स्वामी से पूरी जानकारी ली तथा उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया लेकिन रामेश्वरानंद सरस्वती ने उन्हें बताया कि वह शनिवार को सुबह सहारनपुर पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आत्मदाह करेंगे। शनिवार पर प्रातरू ही एसडीएम सदर युवराज सिंह व तहसीलदार सदर अमित कुमार व थानाध्यक्ष कपिल देव पुलिस टीम के साथ आश्रम के आमरण अनशन स्थल पर पहुंचे तथा महाराज जी से अनशन समाप्त करने व आत्मदाह की चेतावनी को वापस लेने का अनुरोध किया लेकिन घंटो चली वार्ता के बाद स्वामी रामेश्वरानंद ने आरोपी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा आश्रम की भूमि को आश्रम समिति के नाम करने के आग्रह पर अपने आत्मदाह करने के कार्यक्रम को दो दिन के लिए स्थगित कर दिया है। उधर एसडीएम सदर ने बताया कि स्वामी जी से बात हो गई है पूरी जानकारी उच्चाधिकारियो अधिकारियों को दे दी जाएगी और जल्द ही इस प्रकरण का हल निकाला जायेगा ।

**दैनिक यूरेशिया की खबर का असर:**

## गांव के मेन रास्ते पर जलभराव की खबर पर गांव में पहुंचे अधिकारी

**जलजमाव की खबर छपने के बाद ढाबा गांव में पहुंचे एसडीएम व बीडीओ**

**अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या को सुन निस्तारण का दिया आश्वासन**



युरेशिया संवाददाता

बेहट। पिछले दो साल से गांव के मेन रास्ते पर जलभराव होने की खबर दैनिक यूरेशिया में प्रकाशित होने के बाद आखिरकार प्रशासन जाग गया। एसडीएम व बीडीओ ने प्रशासनिक टीम के साथ गांव का दौरा कर उनकी समस्या को सुना और जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

दरअसल, ब्लॉक मुजफ्फराबाद के गांव ढाबा मजरा सलूनी में जाने वाले मुख्य मार्ग पर पिछले करीब दो साल से जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। दैनिक यूरेशिया द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिसके बाद स्थानीय प्रशासन गहरी नींद से जाग गया और शनिवार को एसडीएम बेहट दीपक कुमार, बीडीओ मुजफ्फराबाद, रविकांत सैनी लेखपाल, विपिन सिरोही लेखपाल, अमृतपाल कानूनगो आदि प्रशासनिक टीम के साथ गांव में पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि जलजमाव होने से जहां मक्खी मच्छर पैदा हो रहे है वही संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे गांव का गंदा पानी गांव के बाहर मेन रास्ते पर इकट्ठा होता है जिसकी निकासी का कोई रास्ता नही है। स्कूली बच्चे हो या किसान दैनिक दिनचर्या के लिए इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए वे ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक प्रमुख, विधायक व सांसद तक और बीडीओ से लेकर जिले के बड़े अफसरों तक से गुहार लगा चुके है लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनके गांव के में रास्ते पर हो रहे जलजमाव को साफनही कराया गया और निकासी का प्रबंध नही किया गया तो वे धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। एसडीएम दीपक कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्दी ही उनकी समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस दौरान राजकुमार चौधरी, जयभगवान, रामकुमार चौधरी, सन्नी, नीरज, रविंद्र, जयवीद, संजय, प्रदीप, काला, अनिल, गोलू, छोटा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## गागलहेडी पुलिस द्वारा जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रदीप धीमान / युरेशिया

गागलहेड़ी। थाना गागलहेड़ी पर वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1. श्रीमती विनोद पत्नि वीर सिंह 2. समर्थ उर्फलक्की पुत्र वीर सिंह 3. वीर सिंह पुत्र रामगोपाल निवासीगण ग्राम दिनारपुर थाना गागलहेडी सहारनपुर द्वारा उसके भाई राजीव के साथ मारपीट व गाली गलौच व जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर करना जिसके छर्रे वादी के भाई राजीव के मुहँ पर लग जाने के सम्बन्ध मे थाना गागलहेडी पर मु0अ0सं0 117/2024 धारा 323/504/506/307/34 भादवि पजींकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का तत्कान संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की





शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गये जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष गागलहेड़ी सन्दीप कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त के दो वांछित अभियुक्तगण समर्थ उर्फ लक्की पुत्र वीर सिंह 2. वीर सिंह पुत्र रामगोपाल निवासीगण ग्राम दिनारपुर थाना गागलहेडी सहारनपुर को मुखबिर की सूचना पर भगवानपुर तिहारे से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से उपरोक्त घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त समर्थ उर्फलक्की पुत्र वीर सिंह ने बताया गया कि मेरी माता श्रीमति विनोद के द्वारा नाली की सफाई का कूडा हमारे पडोसी सुभाष के घर के सामने की तरफकर दिया था जिसको लेकर सुभाष व उसके भाई राजीव की हमारी माता श्रीमति विनोद से कुछ कहा सुनी हो गयी थी मुझे व मेरे पिता को इस बात पर बहुत गुस्सा आया और मैने व मेरे पिता ने घर से बाहर आकर राजीव के साथ मारपीट कर दी तभी मेरे पिता ने कहा कि घर मे रखे तमंचे को लाकर इस राजीव मे गोली मार दे तो मैने तमंचे से एक फायर किया जो राजीव के घर के दरवाजे मे लगा और उसके छर्रे राजीव को लग गये। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष सन्दीप कुमार, उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार, उ0नि0 (यू0टी0) डैनी, है0का0 राहुल चौहान, का0 नरदेव कुमार शामिल रहे।

## थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा लूट का 01 शातिर वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार

**कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा व 02 जिन्दा कारतस तथा 01 बिना नम्बर प्लेट मोटरसाईकिल बरामद।**

प्रदीप धीमान / युरेशिया

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान सहारनपुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखने के साथ ही अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड हेतु लगातार सघन गश्त व चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में प्रातः जब थाना कोतवाली



नगर पुलिस नुमाईश कैम्प पर चौकिंग कर रही थी तो मुखबिर की सूचना मिली की एक शातिर अपराधी राधा विहार की तरफसे नुमाइश कैम्प की तरफही आ रहा है सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम एक्टिव हो गयी और तभी एक संदिग्ध व्यक्ति अलसी के बाग के पास मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी से रूकने का इशारा किया गया, जो नही रूका तथा मोटरसाइकिल वापस मोड़कर भागने लगा जिस कारण मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम जब सदिग्ध के नजदीक पहुँची तो बदमाश ने अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। घायल गिरफ्तार बदमाश की पहचान फतेहयाब पुत्र मेहताब निवासी लक्खी गेट के पास नखासा बाजार थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई है। जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय भर्ती करवाया गया है। बदमाश फतेहयाब उपरोक्त दिनांक 16.06.2024 को थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 143/24 धारा 392 भादवि सुपर स्टार गैस एजेन्सी के पास महिला से सोने के कुण्डल लूट का घटना का वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त थाना कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है तथा अभियुक्त के विरूद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट आदि के मुकदमें दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्र0नि0 धर्मेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर, व0उ0नि0 भूपेन्द्र शर्मा, उ0नि0 रविन्द्र धामा, उ0नि0 जोनसन कुमार, है0का0 नीरज कुमार, है0का0 शान मौहम्मद, का0 सचिन कुमार शामिल रहे।

## सदर विधायक ने किया देहाती फिल्म का मुहूर्त

**भैंसवाल गांव में आरएस रिकार्ड कंपनी की फिल्म की शूटिंग शुरू**

युरेशिया संवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव भैंसवाल में आरएस रिकार्ड कंपनी के बैनर तले देहाती फिल्म 'मंदबुद्धि निल्ला जाट' फिल्म का सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने मुहूर्त करते हुए पहला शॉट कराया। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे एक मंदबुद्धि इंसान अपनी परिवार की इज्जत को बचाता है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गांव भैंसवाल में देहाती फिल्म 'मंदबुद्धि निल्ला जाट' की शूटिंग का शुभारंभ किया गया जिसका शुभारंभ सदर विधायक



प्रसन्न चौधरी ने पहला शॉट देखकर व नारियल तोडकर किया। उन्होंने कहा कि पहले बडे-बडे फिल्म कलाकार अपने छोटे-छोटे फिल्म की भूमिकाओं से दर्शकों का मनोरंजन करते थे। उन्हें उम्मीद है कि यह फिल्म भी स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य दूसरे प्रदेश, जनपद के लोगों का भी भरपूर मनोरंजन करेगी। फिल्म के डायरेक्टर मनमोहन तिवारी ने बताया कि यह फिल्म एक पारिवारिक फिल्म है जो एक परिवार के आपसी प्रेम और एक मंदबुद्धि लडकी की कहानी है जिसमें दिखाया जाएगा कि मौका मिलने पर कैसे एक मंदबुद्धि इंसान अपने परिवार की इज्जत बचाता है। उन्होंने बताया कि फिल्म में मुख्य कलाकार निखिल शर्मा, अर्पिता कौर, जितेंद्र कालखंडे, नरेंद्र शर्मा, सीमा राठौड़, अजय शर्मा, श्रवण पंडित, विनोद पांचाल आदि शामिल हैं। ये कलाकार पहले भी कई फिल्में व गानों में काम कर चुके है। फिल्म की डीओपी शैंकी अग्रवाल ने की है। फिल्म में सहयोगी कलाकार विरोहनी भारद्वाज, शिवम, शुभम, और आदित्य आदि भैंसवाल गाव के रहने वाले कुछ ग्रामीणो ने भूमिका निभाई है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा



**एक जुलाई से शुरू होगा कक्षाओं का संचालन**

अरविन्द चौहान / युरेशिया

सहारनपुर (मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को निरूशुल्क प्रशिक्षण हेतु जनपद स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।

जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना ने बताया कि योजनांतर्गत सिविल सेवा में 208, एनडीए में 69, नीट में 88 तथा जेईई में 76 कुल 441 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणाम 30 जून को जारी किया जाएगा तथा कक्षाओं का संचालन एक जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा।

## शोभित विवि में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन




**शोभित विवि में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेते प्रतिभागी**

अरविन्द चौहान /युरेशिया

गंगोह(सहारनपुर) शोभित विवि ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हर्बल पशु स्वास्थ्य उत्पादों के अनुसंधान और निर्माणकर्ती कम्पनी इंडियन हर्ब्स स्पेशलिटीज ने मैन्युफैक्चरिंग, सूक्ष्मजीव विज्ञानी एवं क्यूसी के पदों के लिए कैंपस सेलेक्शन किया। बी.एम.एस, बी.फार्मा, एम.एससी रसायन विज्ञान और सूक्ष्म जीव विज्ञान के 60 छात्रों ने पंजीकरण कराया। कोर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार ने सभी छात्रों को साक्षात्कार संबंधी प्रक्रिया के बारे में समझाया। तत्पश्चात कंपनी के एचआर मैनेजर अशोक धीमान एवं टेक्निकल मैनेजर अतुल त्यागी एवं लैब इंचार्ज संगीता सैनी ने तकनीकी और व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किया। डॉ. भूपेंद्र, डॉ. ऋषभ, सचिन कुमार, अजहर आदि रहे।

## अंसतुलित होकर सडक किनारे खडे ट्रक से टकराई बाइक

**एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल, किया गया रेफर**

**कांधला के एलम बाईपास के निकट हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम मचा**



युरेशिया संवाददाता

शामली। कांधला क्षेत्र के एलम बाईपास के निकट बाइक के असंतुलित होकर सडक किनारे खडे ट्रक में टकरा जाने से एक युवक की दुखद मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। जानकारी के अनुसार बागपत जनपद के बडौत थाना क्षेत्र के गांव बिजवाडा निवासी अंकुश पुत्र रणबीर तथा मोहित पुत्र रविन्द्र शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर किसी काम से शामली आए थे। देर शाम वे अपना काम निपटाकर वापस लौट रहे थे। जब वे कांधला क्षेत्र के कस्बा एलम बाईपास पर पहुंचे तभी अचानक उनकी बाइक असंतुलित होकर सडक किनारे खडे एक ट्रक से जा भिडी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर कांधला पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अंकुश को मृत घोषित कर दिया वहीं मोहित की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। वहीं पुलिस की सूचना पर मृतक अंकुश के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। देर रात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कांधला थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है, अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## गार्गी वैदिक कन्या गुरुकुल में विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण



**रोटरी क्लब शामली स्टार्स द्वारा कार्यक्रम का आयोजन**

युरेशिया संवाददाता

शामली। कांधला के कनियान स्थित गार्गी वैदिक कन्या गुरुकुल में छात्र-छात्राओं के लिए रोटरी क्लब शामली स्टार्स द्वारा विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर महीने में कम से कम एक बार गुरुकुल में यज्ञ कराने का भी निर्णय लिया गया।

जानकारी के अनुसार रोटरी क्लब शामली स्टार्स द्वारा शनिवार को कांधला के गांव कनियान स्थित गार्गी वैदिक कन्या गुरुकुल में विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरियन हरि गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम से किया गया। गुरुकुल के प्रबंधक विकास ने बताया कि रोटरी क्लब शामली स्टार्स द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित किया जा रहे। मुख्य अतिथि रोटेरियन हरिगुप्ता ने रोटरी क्लब शामली स्टार्स की सरकारी विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना करने की पहल करने की सराहना की एवं बच्चों का मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने यज्ञ की उपयोगिता को देखते हुए महीने में कम से कम एक बार यज्ञ करने का भी निर्णय लिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष राहुल तायल, नितिन गर्ग, रोहित बांगा, गौरव संगल, अगम मित्तल, विशाल ऐरन, मोहित बंसल, पुशान्त जैन, निखिल ऐरन, डा. विनीत चौधरी, अजय गुप्ता आदि भी मौजूद रहे

## एक नजर..

### समाजसेवी बरकत अली ने सोशल मीडिया के माध्यम से अज्ञात बच्चे की कार्रवाई पहचान

युरेशिया संवाददाता



अंबेडकरनगर लगभग एक महीने से अधिक समय से एक अज्ञात बच्चे का इलाज मेडिकल कॉलेज सदरपुर में चल रहा था दिनांक 28. 6. 2024 को शाम लगभग 6: 00 बजे अज्ञात बच्चे का मृत्यु हो गया था समाजसेवी बरकत अली ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील किया था कि इस बच्चे के बारे में अगर जानकारी हो तो पहचान करने में मदद करें आज लगभग 11: 00 अभिषेक उपाध्याय भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जलालपुर अभिषेक उपाध्याय ने समाजसेवी बरकत अली से अज्ञात बच्चों के बारे में जानकारी दिया और कहा अज्ञात बच्चे के परिवार आपसे अभी बात कर रहे हैं अज्ञात बच्चे के चाचा अखिलेश उपाध्याय ने समाजसेवी बरकत अली को बताया कि यह अज्ञात बच्चा हमारा भतीजा अमन उपाध्याय है निवासी ग्राम महमदपुर वद्दरपुर थाना जैतपुर जनपद अंबेडकर नगर का रहने वाला है लगभग 1 साल से घर से लापता था इसकी सूचना थाना जैतपुर को दिया गया था यह बच्चा मानसिक रूप से बीमार था अज्ञात बच्चों के चाचा अखिलेश उपाध्याय अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर बच्चे को पहचान कर थाना अलीगंज कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव के साथ परिवार वाले पोस्टमार्टम के लिए थाने पर पहुंचकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवा कर शव को घर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं समाजसेवी बरकत अली के साथ शिवम मोदनवाल मंगल वर्मा जीशान खान मौजूद रहे

### पूजा सिंघल महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सोनिया उत्तम ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुऐ मलियाना निवासी पूजा सिंघल को महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मनोनीत किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी धर्मेन्द्र तोमर ने पूजा सिंघल को शिवसेना पहचान पत्र सौंपकर शुभकामनाएं दीं।

### जन सामान्य/कृषक सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु उपलब्ध करायें भूमि- जिलाधिकारी दीपक मीणा

युरेशिया संवाददाता

मेरठ।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने समस्त उप जिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल बोर्ड, समस्त खंड विकास अधिकारी व उप निबंधक सहकारी समिति को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि निदेशक यूपीनेडा लखनऊ के पत्र के द्वारा उ0प्र0 सौर ऊर्जा नीति 2022 के अंतर्गत एमएनआरई भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम किसान सी–2) योजनान्तर्गत पृथक कृषि फीडर्स का सोलराईजेशन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में जनपद मेरठ में वित्तीय वर्ष 2024–25 में सूची के अनुसार कुल 61 विद्युत सब–स्टेशन (पृथक कृषक फीडर्स वाले) का चयन विभिन्न क्षमता के सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु किया गया है। सूची में उल्लेखित विद्युत सब–स्टेशन के सम्मुख पावर प्लांट क्षमता के सापेक्ष आवश्यक भूमि (04 एकड़ प्रति मेगावाट) की आवश्यकता है। पीएम कुसुम योजना सी–2 –सोलर प्लांट हेतु अपनी भूमि लीज पर उपलब्ध कराने पर– मेगावाट स्केल प्रोजेक्ट 01 मेगावाट, प्रति मेगावाट के लिए आवश्यक भूमि 04 एकड़, लीज की दर रू0 50,000–00 प्रति एकड़ प्रति वर्ष अनुमानित, लीज अवधि 26 वर्ष, 01 मेगावाट क्षमता पर किसान को आमदनी रू0 2,00,000–00 प्रति वर्ष अनुमानित, 25 वर्षों में किसान को आमदनी रू0 52,00,000–00 (25 वर्ष) तथा अपनी भूमि पर स्वयं सोलर प्लांट स्थापित कराने पर–मेगावाट स्केल प्रोजेक्ट 01 मेगावाट, कुल परियोजना लागत रू0 4.50 करोड़, केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता– रू0 1.50 करोड़, राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी रू0 50 लाख, कुल पूंजी लागत रू0 2.95 करोड़, प्रति वर्ष रख–रखाव लागत रू0 3 लाख (वार्षिक), यूपीपीसीएल द्वारा बिजली क्रय दर रू0 2.99ध्केडब्लूएच (निविदा द्वारा वर्तमान विक्रय दर), किसानों का प्रतिवर्ष औसतन लाभ रू0 31.5 लाख (लगभग), किसान की कुल आय (25 वर्ष) रू0 7.87 करोड (लगभग)। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रेस्को मोड में सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु जन सामान्यध्कृषकों को प्रोत्साहित करते हुए प्रस्तावित आवश्यक निजीध्सरकारी भूमि का चयन कर सूचना यथा शीघ्र परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वेबसाइट http://upnedakusumc2.in/ है।

### डा0 लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने करी मांग पश्चिमी यूपी के हर गांव में हो रेसिंग ट्रैक,खेल का मैदान

आकाश कुमार/ युरेशिया



मेरठ। राज्यसभा में सांसद डा0 लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मांग की है कि मेरठ समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश के हर गांव में रेसिंग ट्रैक और खेल के मैदान की व्यवस्था होनी चाहिए।डा0 लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने शनिवार को विशेष ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत केन्द्र का ध्यान इस और आकर्षित करते हुए यह मांग की है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश खेलों का विशेष केंद्र है। उत्तर प्रदेश को प्राप्त पुरस्कारों में भी सर्वाधिक पुरस्कार पश्चिम उत्तर प्रदेश और मेरठ के हैं। मेरठ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्तर के खेल विश्वविद्यालय की आधारशिला रख चुके हैं।राज्यसभा में सांसद डा0 लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि खेलो इंडिया के तहत जिला मेरठ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जमीन उपलब्ध हो तो हर गांव में खेल मैदान, रेसिंग ट्रैक की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इसकी प्रत्येक ब्लाक स्तर पर आवश्यक है।

# स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल के नेतृत्व में उत्तराखंड के लोकगीतों और लोकनृत्यों का दिखा जलवा

**एक भारत,श्रेष्ठ भारत-भारतीय परंपरा में बुद्धश् विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर चर्चा हुई साथ ही पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल के नेतृत्व में उत्तराखंड के लोकगीतों और लोकनृत्यों का आयोजन हुआ**




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में चल रहे एक भारत,श्रेष्ठ भारत–भारतीय परंपरा में बुद्धश् विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर चर्चा हुई साथ ही पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल के नेतृत्व में उत्तराखंड के लोकगीतों और लोकनृत्यों का आयोजन हुआ।

सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में सम्पन्न इस कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के प्रो–वाईस चांसलर डॉ. हिमांशु ऐरन और सम्राट अशोक स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हीरो हितों ने पिलखुआ से पधारे प्रो.सी.पी. शर्मा, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय,गौतम बुद्ध नगर के डा. संजय शर्मा, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष प्रो. वाचस्पति मिश्र और पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल को विश्वविद्यालय के अंगवस्त्र और सम्मान प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं इस अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। इस परिचर्चा का विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत था। इस आयोजन में देश के कई गणमान्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इन वक्ताओं में प्रोफेसर सीपी शर्मा , गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय गौतम बुद्ध नगर के सूचना एवं प्रौद्योगिकी के संकायाध्यक्ष डॉ संजय शर्मा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ वाचस्पति मिश्र, सुभारती वेलनेस सेंटर के चेयरमैन व सामुदायिक मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ राहुल बंसल तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीठ के चेयरमैन डॉ देशराज सिंह ने अपने विचार रखे। परिचर्चा का संचालन सुभारती मीडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व वरिष्ठ पत्रकार आरपी सिंह ने किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के विषय पर बोलते हुए कम्यूनिटी मेडिसिन के प्रोफेसर तथा सुभारती वेलनेस सेंटर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ राहुल बंसल ने आयुर्वेद के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद ने संपूर्ण देश को ही नहीं बल्कि विश्व को भी एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। अपनी बात को रखते हुए डॉ बंसल ने रामायण–महाभारत से आयुर्वेद के उपयोग को जोड़ते हुए उसे आज के आधुनिक समय में भी उपयोगी बताया। उन्होंने आगे कहां की चाहे वह उत्तर भारत हो जहां वनस्पति एवं जड़ी बूटी से चिकित्सा पद्धति को आयुर्वेद के नाम से जाना जाता है उसी आयुर्वेद को दक्षिण भारत में सिद्ध के नाम से जाना जाता है तथा यही सिद्ध जब यूनान में चली जाती है तो वहां इसका नाम यूनानी चिकित्सा पद्धति हो जाता है एवं इस प्रकार से हम देखते हैं कि यह आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के भारत के समस्त राज्यों को एक सूत्र में जोड़ती है वरन् यह संपूर्ण विश्व को एक साथ जोड़ने का काम करती है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीठ के अध्यक्ष डॉ देशराज सिंह ने कहा कि अध्यात्म एवं आप्त ज्ञान ही किसी भी देश को सभी तरह से सुरक्षित एवं संरक्षित करने के काम आता है। इस ज्ञान में संस्कृति व संस्कारों का ज्ञान व संवर्धन एवं संरक्षण शामिल है। यदि कोई भी राष्ट्र अपने आप को सुदृढ़ वह विकसित करना चाहता है तो उसे अपनी संस्कृति, संस्कार व शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखना होगा।

परिचर्चा में अपनी बात को अपने से पूर्व वक्ता डॉ देशराज सिंह के विचारों से अपने विचार को जोड़ते हुए मेरठ कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ वाचस्पति मिश्र ने कहा कि संस्कृत ना केवल भारत की प्राचीन भाषा है, अपितु यह विश्व की सबसे अधिक वैज्ञानिक भाषा है चाहे आर भारत के किसी भी राज्य में चले जाएं और किसी भी भाषा को लें उसमें आपको संस्कृत के शब्द और वाक्य किसी न किसी रूप में आपको पढ़ने वह सुनने को मिलेंगे। आज विश्व के कई देश संस्कृत का विरोध करते हैं किंतु उनकी अपनी मातृभाषा ने भी संस्कृत शब्दावली समाहित है संस्कृत अपने आप में एक संपूर्ण विज्ञान को समेटे हुए है। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सूचना सूचना प्रौद्योगिकी संकायाध्यक्ष डॉ संजय शर्मा ने इस परिचर्चा में कहा कि आप चाहे जहां भी चले जाए आपको भारतीय सुकृति हर जगह देखने को मिले बुद्ध के बारे में बात करते हुए जब हम बुद्धं शरणं गच्छामी, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि की हम बात करते हैं तो इसका अर्थ यह होता है कि बुद्ध हमें अपनी शरण दें, जिसका अर्थ होता है कि बुद्ध जो तत्वज्ञानी थे जिनको बोधिसत्व की प्राप्ति हुई वह ज्ञान रूपी दीपक हमारे भीतर भी जागृत हो और हम सभी में जीव को देखते हुए करुणा को अपनाएं। ठीक उसी तरीके से जैसे संघ की शरण में जाते हुए हम एकजुटता व अनेकता में एकता की बात करते हैं और धम्म यानि कि धर्म की शरण में जाने पर हम सभ्यता संस्कृति व संस्कारों की रक्षा की बात करते हैं। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ सी पी शर्मा ने कहा कि जिस तरह से एक भारत श्रेष्ठ भारत के विषय पर यह संगोष्ठी व परिचर्चा सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित की गई है ऐसी परिचर्चा आज देश में हर जगह होनी चाहिए। अपनी बात को रखते हुए डॉ चंदर पाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में तो पृथ्वी को भी माता का स्थान दिया गया है और हमारी संस्कृति व संस्कारों में है कि प्रातः काल अपने बिस्तर से भूमि पर पैर रखने से पूर्व हम पृथ्वी से क्षमा मांगते हैं कि हे माते हम आप के ऊपर अपने पैर रखने जा रहे हैं आप हमें क्षमा करें, तो जिस देश में चर–अचर सभी में देवत्व देखा जाता हो जहां पेड़ से पत्ता तोड़ने के लिए भी पेड़ की अनुमति मांगी जाती हो आज उसी देश में अंधानुकरण के कारण की प्रकार की हीन भावना लोगों के भीतर समाहित हो गई हैं इसे आज बाहर करने की आवश्यकता है। यह तभी संभव होगा जब हम आज की परिचर्चा जैसे आयोजन लगातार समूचे देश में करते हुए अपने युवाओं व समाज के सभी वर्गों को जागृत करेंगे। डॉ. माधुरी बड़थ्वाल के नेतृत्व में मनुलोक सांस्कृतिक धरोहर संवर्द्धन संस्थान के नंदा शक्ति दल द्वारा उत्तराखंड के लोकगीतों और नृत्यों का प्रदर्शन हुआ। डॉ.माधुरी बड़थ्वाल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसंगीत के माध्यम से पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधा जा सकता है। यह लोकसंगीत की शक्ति है। उनके दल ने उत्तराखंड के परम्परागत लोकनृत्य झोड़ा,चौंफ्ला, चांचरी, बाजूबंद आदि गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिनको दर्शकों ने खूब सराहा।सांस्कृतिक दल में बीना रावत, वंदना कोटनाला, पुष्पा डुकलान, सुषमा नैथानी, अमिता नौटियाल, रजनी खंतवाल, रोशनी पंवार, हेमा गुसाईं, शशि नेगी, लक्ष्मी मलासी और सुनीता गैरोला थी।

इस अवसर पर ललित कला संकाय के डीन डॉ पिंटू मिश्रा, लॉ कॉलेज के डीन डॉ वैभव गोयल, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र थलेड़ी समेत डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ. मनीषा लूथरा, रामप्रकाश तिवारी समीर सिंह, अनिल फोटोग्राफर आदि उपस्थित थे।

# श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वी.जी.आई. मेरठ के 27 छात्र-छात्राओं का जूनियर इंजीनियर के पदों पर हुआ चयन

**नौकरी पाकर चयनित छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर, आगामी आठ जुलाई से होगी सभी चयनित छात्र-छात्राओ की ज्वाईनिंग।**

**भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था, आज स्किल इण्डिया, डिजीटल इण्डिया, स्व-रोजगार एवं कौशल विकास जैसी तेजी से बढ़ते स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं विकसित भारत मिशन की योजनाओं से देश तेजी से विकसित भारत की ओर, इंजीनियरिंग दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र, तकनीकी स्किल्ड युवाओं के लिए देश एवं विदेश में नौकरीयों के लाखो अवसर- डा. सुधीर गिरि,**

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेस्ट इन्डस्ट्रियल एक्सपोजर के दम पर वैंकटेश्वरा में इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर, वाणिज्य, प्रबन्धन, पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं हैल्थ सेक्टर समेत पिछले एक शैक्षणिक वर्ष में मेरठ व गजरौला परिसर के एक हजार सात सौ अस्सी से अधिक युवाओं को मिला स्थायी रोजगार एवं सम्मानित कैरियर - डा. राजीव त्यागी,**



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा संस्थान में देश की प्रतिष्ठित मैकेनिकलध् इलेक्ट्रिकल कम्पनी पी.आई.सी.एल. लिमिटेड द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव– 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 300 से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कई राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 27 छात्र–छात्राओं को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये । वैंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वैंकटेश्वरा के छात्र–छात्राएं देश–विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे हैं । हम अपने यहां अध्यनरत छात्र–छात्राओं को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ संकल्पित हैं । वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालयध् संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में 'कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव–2024' का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, नवनियुक्त कुलपति प्रो.(डा.) कृष्ण कान्त दवे, कम्पनी के प्रबन्धक एच.आर. अखिलेश यादव एवं सहायक मैनेजर विक्रम सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल आदि ने सरस्वती माँ के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया । अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओं विशेष रूप से इंजीनियरिंग, आई.टी., प्रबन्धन एवं वाणिज्य सेक्टर में ढेरों रोजगार सम्भावनाएं हैं । आदरणीय प्रधानमंत्री जी के स्किल इण्डिया–डिजीटल इण्डिया जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओं से प्रेरणा लेकर देश निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है ।हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र–छात्राओं को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं । हमारे यहाँ इंजीनियरिंग, प्रबंधन एवं बिजनेस स्टडीज के छात्र–छात्राएं देश विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

इस अवसर परग्रुप सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डेय, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल, डीन इंजीनियरिंग डा. आशुतोष सिंह , डा. राजेश सिंह, डा. सर्वानन्द साहू, डा. दिव्या गिरधर, आई.टी. हेड विशाल शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट मैनेजर सौरभ मित्रा, सलाहकार आर.एस. शर्मा, मारूफ चौधरी, डा. सचान, डा. चारू अग्रवाल एवं मेरठ परिसर निदेशक डा. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, डा. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे ।

# हस्तिनापुर ब्लॉक के रठौड़ा खुर्द गांव पहुंचा कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

**जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने जिला प्रशासन से करी मांग सोहनवीर जाटव हत्याकांड के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर करे सख्त से सख्त कार्रवाई**

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। हस्तिनापुर ब्लॉक के रठौड़ा खुर्द गांव मे सोहनवीर जाटव की गोली मारकर हत्या कर दी गई इस घटना की जानकारी होने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवनीश काजला रठौड़ा खुर्द गांव पहुंचे उनके साथ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र जाटव, अल्तमस त्यागी ,मवाना नगर अध्यक्ष जुबैर खान, फरहान चौधरी सुमित विकल, डॉ अशोक आर्य , गजे सिंह जाटव आदि ने परिजनो से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी परिजनों के साथ है। जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने जिला प्रशासन से मांग करी की इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई करे।

### पत्रकार पर हुए जानलेवा हमला करने वाले ऊपर पुलिस ने कसा नकेल

**चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**



युरेशिया संवाददाता

(अंबेडकर नगर ) राजेश सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयसिंहपुर निवासी पत्रकार राजकुमार मौर्य को बृहस्पति वार को हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया था। घटना में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु व वाछिंत अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी आलापुर रामबहादुर सिंह व थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को उपनिरीक्षक अंजनी कुमार व थाना से गठित पुलिस टीम मय स्वाट टीमध्सर्विलांस टीम ने मुखविर खास सूचना व आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर मु0अ0सं0 191/24 धारा 147/148/149/307/504/3/25 IPCके सम्बन्धित मुकदमें में प्रकाश में आये अभियुक्तगण अभिषेक शुक्ला उर्फलिटिल शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला निवासी ग्राम भरतपुर थाना राजेसुल्तानपुर,अंशल तिवारी उर्फ सूरज तिवारी पुत्र जितेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम गोपालपुर सिंघलपट्टी थाना राजेसुल्तानपुर,शिवम दूबे पुत्र दिवाकर दूबे निवासी ग्राम सैथुआ थाना राजेसुल्तानपुर, रंगीला उर्फरजत वर्मा पुत्र रमेश वर्मा निवासी ग्राम सिंघलपट्टी थाना राजेसुल्तानपुर को देवलर चौराहा के पास समय करीब 8.10 बजे गिरफ्तार किया गया तथा जामा तलाशी में अभिषेक शुक्ला उर्फ लिटिल शुक्ला से घटना में प्रयोग हुआ एक अदद तमंचा 315 बोर व घटना में प्रयोग 02 अदद मोटरसाईकिल UP85AJ1095 व UP50P0124 बरामद हुई । जिसके आधार पर उपरोक्त मुकदमे में 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। सभी अभियुक्तगणों को आवश्यक कार्यवाही करके समक्ष न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि विवेचना कार्यवाही प्रचलित है अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है

# बुजुर्ग महिला को लूटने वाले पांच घंटे में गिरफ्तार पकौड़ी गैंग ने दिया था वारदात को अंजाम

**बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूट करने के मामले का पुलिस ने पांच घंटे के अंदर खुलासा कर वारदात को अंजाम देने वाले पकौड़ी गैंग के दो बदमाश किए गिरफ्तार, एक फरार**

आकाश / युरेशिया



मेरठ। शनिवार की सुबह पुलिस को चुनौती देते हुए रेलवे रोड थाना क्षेत्र स्थित न्यू प्रेमपुरी में घर में अकेली बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने केवल पांच घंटे में गिरफ्तार कर लूट की इस वारदात का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित पकौड़ी गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जबकि एक बदमाश फरार है जिसकी तलाश में पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी की जा रही है। दरअसल शनिवार सुबह न्यू प्रेमपुरी की रहने वाली घर में अकेली बुजुर्ग महिला प्रतिभा मंडल को बंधक बनाकर बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश बाउंड्री के सहारे महिला के मकान की छत पर पहुंचे और पूरी रात छत पर बैठकर गेट खुलने का इंतजार करने लगे थे। गेट खोलते ही बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर 50 हजार रुपए की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात लूट लिए थे। दिनदहाड़े हुई लूट की घटना को चुनौती मानते हुए एसएसपी के निर्देश अनुसार इस रूट की वारदात का खुलासा करने के लिए टीम का गठन किया गया जिसने केवल पांच घंटे में ही इस वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी आमिर उर्फपकौड़ी निवासी मकबरा डिग्गी और मोनू पुत्र जगबीर निवासी सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं लूट की वारदात को अंजाम देने में शामिल रहे एक बदमाश को फरार बताया गया है जिसकी तलाश में पुलिस की टीमों द्वारा दबिश दी जा रही हैं।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।

सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)